सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

शुक्रवार 07.06.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 48

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष कैद

**धनबाद।** धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह ने नाबालिग का शादी की नीयत से अपहरण कर दुराचार करने के आरोपी सरायढेला थाना क्षेत्र के कोलाकुशमा निवासी करण धीवर को 20 वर्ष की कैद एवं 15 हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। अदालत ने उसे बुधवार को दोषी करार दिया था। आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है। आरोपी के खिलाफ पिडिता के पिता द्वारा बलियापुर थाना में 19 अक्टूबर 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उसकी 13 वर्ष से नवालिक पुत्री 17 अक्टूबर 2023 को दिन के 12.00 बजे घर से बलियापुर जाने की बात कह कर निकली। उसे पता चला कि उसकी नाबालिग पुत्री गांव के ही सुंदरा मुखर्जी के साथ गई थी। सुंदरा मुखर्जी से पूछताछ करने पर उसके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया शाम को करण धीवर उसकी नाबालिग लड़की के साथ शादी कर फोटो व्हाट्सएप पर पोस्ट किया जिससे उन्हें पता चला कि उसकी नाबालिक पुत्री के साथ कारण धीवर शादी कर शारीरिक संबंध बनाया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ 28 नवंबर 2023 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया तथा अदालत में 22 दिसंबर 2023 को आरोप का गठन कर अभियोजन साक्ष्य चलाया। अभियोजन पक्ष द्वारा कुल पांच गवाहों की गवाही कराई गई थी।

### कोर्ट में हाजिर नहीं हुए बच्चा सिंह और मन्नान मालिक

**धनबाद।** मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी के अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान कांड के आरोपी पूर्व मंत्री बच्चा सिंहए मन्नान मल्लिक व अन्य हाजिर नहीं थे। अपर लोग अभियोजक समिति प्रकाश ने गवाह पेश करने के लिए समय की याचना की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश देते हुए शुक्रवार की तारीख निर्धारित की है। मालूम हो की 27 अप्रैल 11 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी। घटना में तत्कालीन एसपी आरण्के धान जख्मी हो गए थे। वहीं विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। तत्कालीन एसडीओ जॉर्ज कुमार के लिखित प्रतिवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 38 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

### नाबालिग से दुराचार का आरोपी दोषी करार, सजा 10 को

**धनबाद।** एक नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ दुराचार करने के मामले में गुरुवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने अपना फैसला सुनाया। अदालत ने बलियापुर थाना क्षेत्र के रंगामाटी निवासी विशाल कुमार सिंह को दोषी करार दिया जबकि पिता ललन सिंह ए मां ज्ञानती देवी व बहन काजल कुमारी को रिहा कर दिया है। अदालत सजा के बिंदु पर सुनवाई की तारीख 10 जून 2024 निर्धारित कर दी है। 26 मार्च 2022 को पीड़िता की मां ने बलियापुर थाना में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि उसकी नाबालिग बेटी को विशाल कुमार सिंह ने प्रेम जाल में फंसाकर यौन शोषण किया और उसके परिवार के लोगों ने जबरन भुईफोड़ मंदिर में ले जाकर उसकी शादी करा दिया। 3 मार्च 2022 को उसकी नाबालिग बेटी घर से निकली थी। इसके बाद देर रात तक वह घर नहीं लौटी।

# छोटी यादव हत्याकांड में दो आरोपियों का कोर्ट में सरेंडर

## मृतक के परिजनों को दी धमकी, बीच सड़क पर हुआ हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** शहर के बीचों बीच एक माह पूर्व दिन दहाड़े हुई छोटी यादव की हत्या के मामले में जहां नगर थाना पुलिस सिर्फ तीन दिन बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज पाई थी। परंतु गुरुवार को हत्याकांड में संलिप्त दो अपराधियों ने गिरिडीह कोर्ट में समर्पण किया। उसने छोटी यादव के परिजनों को जेल से बाहर निकलने के बाद देख लेने की धमकी भी दी। धमकी से आक्रोशित परिजनों ने कोर्ट रोड और सदर अस्पताल के बीच सड़क पर खड़े हंगामा किया। जानकारी मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद और महिला थाना प्रभारी दीपमाला भी पुलिस जवानों के पहुंचे और परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। मृतक के भाई ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसके भाई की हत्या के बाद आरोपी प्रतीक यादव और राहुल यादव गुरुवार को आत्म समर्पण करने पहुंचे। कोर्ट जाने से पहले दोनों आरोपियों ने उसके पूरे परिवार को धमकी दी कि अभी तो सिर्फ उनके घर में पिता और भाई छोटी यादव की हत्या हुई है। जेल से बाहर निकलने के बाद उन्हें नहीं छोड़ा जाएगा। विदित हो कि जमीन विवाद को लेकर सिहोडीह सिरसिया में दो गोतिया के बीच पिछले कई सालों से खूनी झड़प चली आ रही है। एक माह पहले ही राहुल यादव और प्रतीक यादव समेत उसके भाइयों ने छोटी यादव की हत्या शहर के निखर होटल के पास कोर्ट से लौटते वक्त कर दी थी।

### सेंधमारी कर पीओ ऑफिस से 85 हजार के सामान की चोरी

**कतरास।** बाघमारा थाना अंतर्गत बीसीसीएल ब्लॉक दो के लाल बंगला स्थित परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय में विगत बुधवार की रात सेंधमारी कर लाखों रुपये की संपत्ति चोर चुरा ले गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रात 2 से 4 बजे के बीच चोर परियोजना पदाधिकारी के कक्ष में लगे एसी की खिड़की के रास्ते अंदर घुसे तथा एसी, इन्वर्टर, बैटरी, प्रिंटर एवं फिल्टर आदि चुरा ले गए। बताते हैं कि उस समय वहां सुबा हरिजन नामक रात्रि प्रहरी की ड्यूटी थी। गार्ड के अनुसार उसे नींद आ गई और वह सो गया था। इसी बीच कार्यालय में चोरी हो गई। बाघमारा थाना की पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस पहुंची और मामले की तहकीकात की। पुलिस ने गार्ड एवं संबंधित अधिकारियों से पूछताछ की। प्रबंधन ने रात्रि प्रहरी सुबा हरिजन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पीओ ऑफिस से एसी, इन्वर्टर, बैटरी, प्रिंटर एवं फिल्टर चोर ले गए। ड्यूटी पर तैनात गॉर्ड की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होती है।

## अबुआ आवास में घूस लेते एसीबी ने चरघरा मुखिया को रंगे हाथ दबोचा

### गिरफ्तार करने के बाद धनबाद ले गई जमुआ बाजार में मची अफरा तफरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** धनबाद एसीबी की टीम ने गुरुवार को जमुआ के चरघरा पंचायत के मुखिया महावीर रविदास को एक महिला लाभुक से आठ हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ दबोच लिया। धनबाद एसीबी के डीएसपी ने टीम के साथ मुखिया महावीर को नगद राशि के साथ गिरफ्तार करने के बाद धनबाद ले गई। कार्रवाई के बाद जमुआ बाजार में भी कुछ पल के लिए अफरा तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार जमुआ के चरघरा पंचायत के खारखो गांव की महिला मुन्नी देवी को राज्य सरकार से अबुआ आवास योजना के तहत घर निर्माण की मंजूरी मिली थी। जमुआ प्रखंड से महिला को योजना की पहली किस्त 30 हजार रुपये का भुगतान कर दिया गया था। दूसरी और तीसरी किस्त दिलाने के नाम पर मुन्नी देवी से मुखिया महावीर रविदास ने 23 हजार घूस की मांग की। मांग के अनुसार लाभुक ने मुखिया को एक साथ इतने पैसे देने से इनकार किया तो मुखिया ने घूस की राशि को भी किस्त में देने का सुझाव दिया।

इसी क्रम में गुरुवार को आठ हजार देने की बात कही थी। महिला ने यह जानकारी धनबाद एसीबी को दी। इसके बाद एसीबी ने कार्रवाई करते हुए मुखिया को घूस के आठ हजार देने के लिए गुरुवार का दिन तय किया। गुरुवार को एसीबी जमुआ बाजार के केनरा बैंक के समीप पहुंची और मुन्नी देवी से मुखिया को आठ हजार लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## सिंदरी के शिव मंदिर से जलाभिषेक का घड़ा ले गए चोर, भक्त परेशान

### पुलिस ने जानकारी से किया इनकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** बलियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रांगामाटी सिंदरी के आइ एम टाइप पुराने आरा मशीन के समीप शिव मंदिर से पीतल के जलाभिषेक का घड़ा गुरुवार की सुबह चोरी होने की खबर से भक्तों में मायूसी छा गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भक्तों की आवाजाही के कारण मंदिर में ताला नहीं लगाया जाता था। मंदिर के समीप रह रहे संजय गुप्ता ने बताया कि महिलाएं प्रतिदिन सुबह शिव मंदिर की साफ सफाई करने जुटती हैं। सुबह महिलाओं ने ही इस घटना की जानकारी दी। लगभग दो हजार रुपये के जलाभिषेक के घड़े की खोजबीन की गई। परंतु समाचार लिखे जाने तक कोई जानकारी नहीं प्राप्त हो पायी है। बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती ने बताया कि उन्हें कोई सूचना नहीं मिली है। लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कार पर मोबिल फेंका, लगी आग

### कार का किया पीछा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर बाजार में सरकारी अस्पताल के आगे जीटी रोड पर गुरुवार शाम बाइक सवार तीन युवकों ने पवन उद्योग आमाघाटा के संचालक महेश भुकानिया की कार पर मोबिल फेंक दिया और आग लग गई है कहते-कहते रतनपुर तक पीछा किया। परंतु उन्होंने गाड़ी नहीं रोकी और आगे बढ़ते चले गए । इस तरह अपराधियों के मंसूबे पूरे नहीं हुए। उन्होंने बताया कि वह बुधवार शाम शाम 7:00 बजे के आसपास पवन उद्योग आमाघाटा से पश्चिम बंगाल के बराकर जाने के लिए निकले थे। गोविंदपुर ऊपर बाजार मोड़ से बाइक पर सवार तीन युवकों ने उनका पीछा करना शुरू किया और गोविंदपुर बाजार में उनकी गाड़ी पर मोबिल फेंक दिया। फिर हल्ला करते हुए आगे बढ़ते गए, परंतु उन्होंने युवकों की मंशा भांप ली और गाड़ी नहीं रोकी। इसके पूर्व इसी तरह अपराधियों ने बुधवार को गोविंदपुर सुभाष चौक के समीप टुंडी रोड पर आसनसोल के व्यापारी गोपाल लुहारका की गाड़ी में मोबाइल फेंक कर और आग लग जाने का हल्ला किया और बैग झपटकर भाग गए थे। इसके पूर्व गोविंदपुर के ही व्यवसायी सुभाष मित्तल के साथ इस तरह की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने बताया कि गोविंदपुर जीटी रोड इलाके में इस तरह का एक गैंग काम कर रहा है। पुलिस उनका पीछा कर रही है और ऐसे अपराधी शीघ्र पकड़े जाएंगे। इसके लिए जीटी रोड और टुंडी रोड के विभिन्न प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरे का भी सहारा लिया जा रहा है।

### बरारी में हैवी ब्लास्टिंग से महिला घायल

**जोड़ापोखर।** लोदना एरिया अंतर्गत बरारी के शुशी परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग के कारण पत्थर उड़ने से मैरून निशा नामक महिला चोटिल हो गई। उसके बाएं पैर में चोट लगी है। आसपड़ोस बरारी नीचे बस्ती के रहने वाले लोग भी भयभीत हो गए। घटना के सम्बंध में मैरून ने जोड़ापोखर थाना में शिकायत की है। महिला के पति पप्पू अंसारी ने बताया कि दोपहर साढ़े 12 बजे बगल के आउटसोर्सिंग में हैवी ब्लास्टिंग के कारण पत्नी घायल हो गई। उसका इलाज चासनाला अस्पताल में कराया जा रहा है। वही कम्पन से आसपड़ोस के सभी घर हिल गए। सभी लोग घर से बाहर हो गए। प्रबंधन लोगों को उजाड़ने की साजिश रच रहा है। प्रदूषण से लोग काफी परेशान हैं। वहीं दूसरी तरफ पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

एक नजर में

### गोमो में मां पर पांच वर्षीय पुत्र को जहर देकर हत्या का आरोप

**गोमो।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत चेता गांव में एक मां पर अपने ही पांच वर्षीय पुत्र की हत्या का आरोप लगा है। पुत्र शनि कर्मकार को जहर देकर मारने का आरोप लगाया गया है। मृत बच्चे की फुआ सुनिता देवी ने बताया कि उसका भाई काम करने बाहर गया था। इस बीच मौका पाकर उसकी पत्नी पायल देवी ने उसके भतीजे को कुछ खिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। हरिहरपुर थाना पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है।

### धनबाद से भाजपा की जीत पर पूर्व मेयर ने लोगों के बीच बांटे लड्डू



**धनबाद।** धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा की जीत और देश में एनडीए को मिले पूर्ण बहुमत की खुशी में पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने गुरुवार को राजेंद्र सरोवर पार्क में मोर्निंग वाक पर आए लोगों के बीच लड्डू बांटा। पूर्व मेयर ने बताया कि देश के इतिहास में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। वहीं धनबाद में चौथी बार भापा का सांसद चुना गया है। यहां की जनता ने इसबार पार्टी के उम्मीदवार ढुल्लू महतो को दिल्ली भेजने का काम किया है। हमसभी जनता के आभारी हैं। पूर्व के मेयर की इस पहल पर लोगों ने खुशी जाहिर की। लोगों ने कहा नये सांसद से काफी उम्मीद है। वह युवा हैं और राजनीति का अब अच्छा अनुभव भी उन्हें हो चुका है। पूरी उम्मीद है कि धनबाद में विकास की नई लकीर खींचने का काम करेंगे।

### चुनाव के दिन झामुमो कार्यकर्ता को पीटने पर बाघमारा के थानेदार सस्पेंड



कतरास। लोकसभा चुनाव के दिन विगत 25 मई को बाघमारा थाना क्षेत्र के हाई स्कूल के समीप बकसपुरा स्थित बूथ के बाहर बैठे झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता राहुल चौरसिया को थाना प्रभारी सुजीत कुमार सिंह ने पिटाई की थी। शिकायत मिलने पर धनबाद के एसएसपी ने थानेदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक कार्यकर्ता ने झामुमो विधायक सह लोकसभा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो को सूचना दी थी। विधायक ने एसएसपी से विधि सम्मत कार्रवाई की मांग की। विधायक की पहल पर जांच के बाद एसएसपी ने थानेदार को निलंबित कर दिया। मालूम हो कि चुनाव के दिन बूथ के बाहर कार्यकर्ता के पास झामुमो प्रत्याशी का पोस्टर था, जिसे हटाने के लिए थाना प्रभारी ने कहा। फिर कार्यकर्ता के पीठ पर पर लाठी चला दी।

### दामोदरपुर में बाइक चोरी के आरोपी को लोगों ने पकड़ा

धनबाद। बाइक चोरी के आरोप में गुरुवार को स्थानीय लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया। लोगों ने सदर थाने की पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बाइक का मालिक राजेश हेंब्रम ने हीरो स्पलेंडर गाड़ी शांति विहार स्थित कॉलोनी में खड़ी की थी। तभी तीन युवक उनकी बाइक लेकर भागने लगे। रहे थे। राजेश हेंब्रम की नजर पड़ी तो वह हल्ला मचाने लगा। इस हो हल्ले में शांति विहार मोड़ के पास बाइक ले जाते युवक को पकड़ लिया गया। बाकी दो युवक भागने में सफल रहे। पकड़े गए युवक को एक पेड़ से बांधकर रखा गया।

## थोक मंडी में 15 दिन बाद लौटी रौनक, खुली दुकानें

- कृषि बाजार समिति में स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र होने के कारण थी बंदी
- व्यापारियों ने की मांग-अब भविष्य में चुनाव के समय कोई अन्य व्यवस्था हो

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर पिछले 15 दिन से बंद कृषि बाजार समिति की थोक मंडी गुरुवार को खुल गई। व्यापारी अपनी दुकानों में दुकानदारी करते नजर आये। बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में थोक व्यापारियों ने बड़ी आहुति दी है। कारोबार में करोड़ों रुपये के का नुकसान हुआ है। फिर भी जिला प्रशासन के आदेशों का पालन किया। पहले 22 से 25 मई तक मंडी बंद रखने का आदेश दिया गया था। लेकिन जब 26 मई को दुकान खोलने आए तो बाहर गेट पर रोक दिया गया। तमाम प्रयास के बाद भी मंडी में अंदर नहीं जाने दिया गया। सुरक्षा का हवाला देते हुए बोला गया कि अब मतगणना संपन्न के बाद ही मंडी खोलने की इजाजत दी जायेगी।

### कई व्यापारियों को सड़क किनारे लगानी पड़ी अपनी दुकान

व्यवसायी पहले ही सामान का ऑर्डर कर चुके थे, सामान रखने के लिए महंगे दाम पर गोदाम लेने पड़े। कई व्यापारियों को सड़क किनारे दुकान लगाकर सामान बेचने पड़े। फल के साथ कई कच्चे सामान सड़ गये। बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। अब भी हमारे गोदाम फ्री नहीं किये गए हैं। इससे व्यापारियों को कठिनाई हो रही है। कई मजदूर भी अपने गांव चले गये। इसके बाद भी किसी खाद्य सामग्री के दामों में बढ़ोतरी नहीं की है। कम से कम मुनाफे पर ही सामग्री बेची जा रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि आगे से जब भी चुनाव हो, व्यापारियों को परेशान नहीं किया जाये। इससे व्यापार के नुकसान सहित दिहाड़ी पर काम करने वाले तथा खुदारा विक्रेताओं को भी परेशानी होती है। चुनाव से संबंधित कार्य की व्यवस्था कहीं और की जानी चाहिए।

# भू अधिग्रहण में जल्द हो मुआवजे का भुगतान

### 29 जून को लगेगी विशेष लोक अदालत

### जिला जज ने दिये अधिकारियों को निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों को नाना प्रकार के विवादों का निपटारा नेशनल लोक अदालत में कराने का निदेश दिया है ताकि पक्षकारों को परेशानी न हो और उन्हें समय पर मुआवजा मिल सके। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा स्थानीय सिविल कोर्ट में 29 जून 24 को एक दिवसीय भू अधिग्रहण, राजस्व संग्रहण से संबंधित मुकदमों के निपटारे के लिए स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया है ! जिसको लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने जिला प्रशासन, बीसीसीएल, ईसीएल, सेल, टाटा, रेलवे, डीवीसी पिएसयू अधिकारियों व नगर निगम के अधिकारियों, अधिवक्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बॉथक में प्रशासनिक अधिकारियों को उपरोक्त निदेश दिया गया। इस संबंध में प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि 29 जून को भू अधिग्रहण राजस्व संग्रहण के मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत लगाई गई है, जिसके लिए 24 जून से लेकर 28 जून तक प्री सिटिंग बैठक भी आयोजित की गई है। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष हर विभाग में कैंप कोर्ट लगाकर मौके पर विवादों का निपटारा करेंगे। न्यायिक पदाधिकारी को भी जिला जज ने निर्देश दिया है कि वैसे मामलों को चिन्हित करें जिनका निपटारा विशेष लोक अदालत में किया जा सकता है।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार, अवर न्यायाधीश स्वेता कुमारी, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एलआरडीसी संतोष गुप्ता, डीएफओ विकास पलीवाल, जिले के सभी अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, नगर निगम के अधिकारी, रेलवे, टाटा, बीसीसीएल, ईसीएल सेल, बैंक अधिकारी एवं पीएसयू अधिकारी उपस्थित थे।

### मनईटांड़ में हुई फलहारिणी काली पूजा



**धनबाद।** मनईटांड़, पथराकुल्ही रोड स्थित काली मंदिर में गुरुवार को फलहारिणी काली पूजा की गई। पूरे विधि विधान के साथ लोगों ने आधी रात को मां काली की पूजा-अर्चना की। सुबह भक्तों के बीच भोग वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी तरुण गोस्वामी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जेष्ठ अमावस्या को यह पूजा की जाती है। मंदिर में पुरानी मूर्ति का विसर्जन कर नई मूर्ति स्थापित की जाती है। मौके पर बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी,राणा चट्टराज,बादल सरकार, वरुण गोस्वामी, डॉ रवि शंकर सेनगुप्ता आदि मौजूद थे।

## व्रत रख कर वट वृक्ष के पास सुनी सावित्री-सत्यवान की कथा, मांगा सौभाग्य का वरदान

# महिलाओं ने उल्लास के साथ की वट वृक्ष की पूजा-अर्चना



हीरापुर के लिंडेस क्लब कैंपस परिसर स्थित वटवृक्षों में सूत बांधकर पति की लंबी आयु का वरदान मांगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को वट सावित्री पूजा के दिन वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। पौराणिक कथाओं के मुताबिक महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री व्रत रखती हैं। यह व्रत हर साल ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। धनबाद में महिलाओं ने हीरापुर दुर्गा मंदिर परिसर, डीजीएमएस कैम्पस, लिंडसे क्लब कैंपस,सीएमपीएफ कॉलोनी, जगजीवन नगर, अभय सुंदरी स्कूल के अलावा जहां भी बरगद के पेड़ हैं, वहां एकत्र हुईं और पूजा-अर्चना कर पति की लंबी आयु की कामना की। वट वृक्ष की पूजा कर रही संगीता देवी, प्रियंका कुमारी, सांभवी कुमारी, रानी ओझा ने बताया कि पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं सोलह सिंगार कर वट वृक्ष में कच्चा धागा लपेट कर परिक्रमा करती हैं। महिलाओं ने वट वृक्ष के पास बैठे ब्राह्मणों से सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। पुलिस लाइन की रानी ओझा ने बताया कि 11 साल से वह पति के स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र के लिए यह पूजा करती आ रही हैं। वट वृक्ष की पूजा के बाद घर जाकर पति का आशीर्वाद लेती हैं उन्हें पंख से हवा करते हुए प्रसाद खिलाती हैं। जगजीवन नगर की सोनिया देवी बताती हैं कि वट सावित्री पूजा कर बहुत अच्छा लग रहा है। सभी सुहागिन महिलाओं को वट सावित्री की पूजा करनी चाहिए।

**कतरास एवं बाघमारा में सुहागिन महिलाओं ने की पूजा-अर्चना**

**कतरास।** अपने पति की दीघार्यु की कामना लिये कतरास एवं बाघमारा के सभी क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा बड़े ही श्रद्धा व उल्लास के साथ की। महिलाओं ने परम्परागत ढंग से प्रातः काल स्नान ध्यान कर नए वस्त्र धारण किये और पूजा की थाली एवं फल फूल लेकर वट वृक्ष के पास पहुंची। पति की लंबी आयु तथा सदा सुहागन की कामना करते हुए वट वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधा। महिलाओं ने ध्यान पुर्वक सावित्री एवं सत्यवान की कथा सुनी. ठाकुर बाड़ी के पुजारी सत्यनारायण पांडेय ने बताया कि पति परमेश्वर के लिए सुहागिन महिलाएं यह व्रत करती हैं। उन्होंने बताया कि यह व्रत ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को मनाया जाता है। हिन्दू ग्रंथो में बताया गया है कि कैसे सावित्री इस व्रत के जरिये अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस ले आई। उसी दिन से यह व्रत मनाने की परम्परा चली आ रही है।

**सौभाग्य की कामना के लिए महिलाओं ने किया व्रत**

**सिंदरी ।** सिंदरी में महिलाओं ने सौभाग्य की कामना लिये गुरुवार को वट सावित्री व्रत के अवसर पर पूजा-अर्चना की और विधि विधान से बरगद के वृक्ष में सूत बांधकर पति की लंबी आयु का वरदान मांगा। सिंदरी के शिव मंदिर सहित इस व्रत की पूजा में शामिल फलों, बाँस के पंखे सहित सुहाग की वस्तुओं की खरीदारी की गई। पूजा करा रहे पंडित ने



बताया कि यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए सौभाग्यवर्धक, पापहारक, दुख प्रणाशक और धन धान्य प्रदान करने वाला होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बरगद वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महादेव का वास होता है।

वैज्ञानिक दृष्टि से बरगद के पेड़ की जड़, तना और फल तीनों में ही औषधीय गुण पाए जाते हैं। बताया जाता है कि वट सावित्री पूजा में पहले सावित्री, सत्यवान और यमराज की मूर्ति वट वृक्ष के नीचे पूजी जाती है। उसके बाद वृक्ष की जड़ में जल, फूल-धूप और मिठाई से पूजा की जाती है।

**गिरिडीह में सुहागिनों ने व्रत रख कर की वट सावित्री की पूजा**

**गिरिडीह ।** पति की लंबी आयु की कामना के साथ गिरिडीह के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा की। मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष में मौली सूता बांधते हुए महिलाओं ने वृक्ष की परिक्रमा की और ताड़ के पंखे से हवा देते हुए पति की लंबी आयु का आशीर्वाद मांगा।

महिलाओं ने सत्यवान-सावित्री की कथा भी सुनी। कथा सुनने के बाद वट वृक्ष में सूत को चारों ओर परिक्रमा कर लपेटा।

पूजा-अर्चना करा रहे पंडित ने बताया कि यह पर्व महिलाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन सुहागिनें अपने पति की लंबी उम्र और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए व्रत रखती हैं।

व्रत ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को मनाया जाता है। यह पर्व ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को मनाया जाता है। पुराणों में भी बताया गया है कि इसी दिन सावित्री अपने पति को यमराज के चंगुल से छुड़ा ले आई थी. तभी से महिलाएं यह व्रत करती आ रही हैं।

## एक नजर में

### लंदन में धनबाद में प्रदूषण की समस्या पर चिंतन



**धनबाद।** भारतीय पत्रकार प्रीति पूजा की पहल पर भारतीय संस्था प्राइम कम्युनिकेशन मीडिया और लंदन की संस्था इंडियन इंस्पायरिंग वूमेन के संयुक्त तत्वावधान में , भारतीय मूल के नागरिकों द्वारा, 'प्रदूषण मुक्त विश्व विषय' पर विचार विमर्श किया गया। आयोजन लंदन में हुआ। झरिया कोयलांचल में व्याप्त प्रदूषण की समस्या पर भारत सरकार को पत्र लिखा जाएगा। 5 जून 2024, पर्यावरण दिवस से 5 जून 2025 तक एक वर्षीय अभियान चलाया जाएगा , जिसके तहत विश्व के अनेक देशों में ' ग्लोबल गार्डन ' की स्थापना तथा वैश्विक स्तर पर पर्यावरण जागरण के लिए ' ग्रीन इनवायरमेंट - हेल्दी इनवायरमेंट ' अभियान करने का प्रस्ताव पारित किया गया। क्रियान्वयन के लिए एक कमेटी गठित की गई। इस अवसर पर ज़िन्दगी तथा वाइब्रेंट कर्ल्स पत्रिका द्वारा थीम पोस्टर प्रस्तुत किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से प्रीति पूजा, कांउसलर एलेन जोसेफ , राजस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट लंदन के संस्थापक सुरजीत सिंह ढोका, इंडियन आर्ट एवं कल्चर की प्रोमोटर गीता जोशी, मेंटल अवेयरनेस की संस्थापक नीलम चावला, ब्रिटिश- एशियाई इवेंट की संस्थापक साक्षी विश्वास, सोशल एक्टिविस्ट अंजली शर्मा, आईटी विशेषज्ञा सोनिया डिसूजा तथा ड्रोलेज संस्था के संस्थापक सोशल एक्टिविस्ट कुलवंत पूरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### नीट में सफल सोहेल को यूथ फोर्स ने किया सम्मानित



**कतरास ।** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने श्यामडीह निवासी सोहेल अख्तर को नीट में सफल होने पर प्रशस्ति पत्र, पुस्तक, अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देखकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि एक मजदूर के बेटे ने नीट परीक्षा में सफल हो कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यूथ फोर्स परिवार उनके उज्ज्वल ड्डाविष्य की कामना करती है। इस अवसर पर जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप,जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष इम्तियाज खान, जदयू धनबाद जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, यूथ फोर्स तोपचांची प्रखंड दक्षिण ड्डाग अध्यक्ष फूलचंद दास,यूथ फोर्स केन्द्रीय सचिव सूरज कुमार सिंह,सपन दुबे, प्रदीप सिंह,मो सलीम खान,मो मुजाहीद आदि मौजूद थे।

### माहुरी समाज ने प्रतिभावान छात्रओं को किया सम्मानित



**कतरास।** माहुरी वैश्य मंडल कतरास शाखा ने गुरुवार को माहुरी समाज भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें 10 + 2 कॉमर्स के जिला टॉपर तथा राज्य में तीसरा स्थान लाने वाले संकेत गुप्ता सहित आईसीएसई एवं झारखंड बोर्ड के दसवीं एवं 12वीं के दर्जनों सफल छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। माहुरी वैश्य मंडल के केंद्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से होनहार बच्चों का मनोबल बढ़ता है। माहुरी समाज हमेशा सामाजिक कार्यों में चढ़कर हिस्सा लेता है। समाज के केंद्रीय मंत्री राजकुमार, कतरास शाखा के अध्यक्ष बबलू गुप्ता,सचिव नीरज कुमार गुप्ता, निवर्तमान पार्षद विनायक गुप्ता, प्रकाश राम गुप्ता अधिवक्ता अवधेश प्रसाद गुप्ता बाल गोविंद गुप्ता,संजय गुप्ता, दिलीप गुप्ता, रजनीश गुप्ता,संदीप गुप्ता, राजेश गुप्ता महिला समिति के सचिव शिखा गुप्ता, रुचि गुप्ता, रजनी गुप्ता, संगीता गुप्ता, सुधा गुप्ता,अर्चना गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, रेणु सेठ, दीप्ति गुप्ता, नीतू गुप्ता,संगीता सेठ आदि मौजूद थे। मंच का संचालन रजनी गुप्ता एवं रेखा गुप्ता ने किया। अंत में अधिवक्ता शत्रुघ्न राम गुप्ता के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

### बीएनएस व सीसीएल डीएवी के छात्रों ने का नीट परीक्षा में रहा दमदार प्रदर्शन



**गिरिडीह ।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का मेडिकल एंट्रेंस राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नीट का परिणाम मंगलवार की देर शाम को जारी हुआ। जिसमें गिरिडीह बीएनएस डीएवी के दो छात्रों का बेहतर प्रदर्शन रहा। नीट के एक्जाम में बीएनएस डीएवी के छात्र शौर्य प्रताप ने जहां 679वां और ऑल इंडिया स्तर पर 9570वां रैंक हासिल किया है। वहीं रिया वर्मा ने 525वां स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रौशन किया है। जारी परिणाम के दूसरे दिन बुधवार को बीएनएस डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल पी हाजरा ने दोनों छात्रों को मोमेंटो देकर और मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए सम्मानित किया। प्रिंसिपल पी हाजरा ने कहा रिया बहुत ही तेज छात्र हैं। इस दौरान दोनों छात्रों का स्वागत भी स्कूल के शिक्षकों ने पूरी गर्मजोशी के साथ किया। मौके पर प्रिंसिपल पी हाजरा ने कहा कि नीट की तैयारी काफी कठिन होती है। सीधे तौर पर इसमें शामिल होने वाले छात्रों को मेडिकल के पढ़ाई में प्रवेश करने का मौका मिलता है। सीसीएल डीएवी स्कूल में ही नो छात्रों ने नीट की तैयारी को लेकर दमदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के प्रिंसिपल ओपी गोयल ने नीट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई दी है। छात्रों को मोमेंटो देकर और मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए सम्मानित किया। नीट में यश प्रसाद ने 642, आस्था कुमारी ने 650, स्वेता नारायण देव ने 629, नज्जत आफरीन 608, मोहम्मद आरिज 601 अंक लाने में सफल रहे।

## स्पीड न्यूज

### शनिदेव मंदिर में कपड़ाभिषेक और विशेष हवन संपन्न



**मैथन ।** चिरकुंडा के सोनारडंगाल स्थित श्री श्री शनिदेव मंदिर में 15 वां तीन दिवसीय शनि जन्मोत्सव पर गुरुवार को तेलाभिषेक, कपड़ाभिषेक और विशेष हवन हुआ। शनिदेव के दरबार को अलौकिक तरीके से सजाया गया। मुख्य यजमान अमित गोयल एवं उनकी पत्नी कविता गोयल थी। रात को श्याम भजन, शुक्रवार और शनिवार को भंडारा होगा। मौके पर थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह, पुजारी पंडित श्याम लाल शर्मा ज्योतिषि, पंडित कृष्णानंद पांडेय, पंडित विनोद शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मुरली तुरी, निवर्तमान पार्षद सुशील कुमार चंद्रवंशी, पंडित शिवम शर्मा, गोपाल सिंह आदि मौजूद थे।

### रोटरी क्लब ऑफ ने किया मेंटल वेलनेस सेमिनार का आयोजन

**गिरिडीह ।** रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह के द्वारा संगम गार्डन हॉल में एक मेंटल वेलनेस सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन शिव प्रकाश बगड़िया मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम में जमशेदपुर से मुख्य स्पीकर साईकोलोजिस्ट रोटेरियन प्रिती सईनी शामिल हुए और वर्कशॉप को संबोधित किया। टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशाप (मेंटल वेलनेस) में जीडी बगेरिया बीएड कॉलेज और मोगिया स्कूल टीचर्स ने भाग लिया। सभी टीचर्स को पॉटिसिपेशन सर्टिफिकेट भी दिया गया। वर्कशॉप को सफल बनाने में प्रोजेक्ट चेयरमैन पियूष मुसद्दी, प्रेसिडेंट मनीष तर्वे, सेक्रेटरी आशीष तर्वे, अमित गुप्ता, सारंग केडिया, विकास बसईवाला, विकास बगड़िया, अंशुल जैन, विजय सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रदिप डालमिया आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### सफाई कर्मियों ने छटनी के खिलाफ कचरा उठाव किया बंद

**मैथन ।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में पायनियर कंपनी द्वारा सफाई कर्मियों की छंटनी की बात करने और वाहन में डीजल कम देने के विरोध में गुरुवार को सफाई कर्मियों ने नगर परिषद क्षेत्र में कचरा उठाव बंद कर दिया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर डीसी ने किया पौधरोपण



**गिरिडीह ।** विश्व पर्यावरण दिवस पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण किया। डीसी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब अपने वातावरण को स्वच्छ रखने और प्रकृति के संरक्षण की दिशा में कार्य करें। पर्यावरण की रक्षा हम सबों का दायित्व है तथा प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संतुलन के उद्देश्यार्थ वृक्षारोपण कर, इसके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रयत्नशील रहना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले भविष्य में पर्यावरण को सुरक्षित व प्रदूषण मुक्त रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है तथा पर्यावरण को बचाए रखने के लिए खाली स्थानों पर अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने का कार्य संपादित हो। प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेवारी भी है और कर्तव्य भी।

## एनडीए की जीत पर जदयू नेता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी बधाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर जदूय के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो व जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने दिल्ली में बिहार के मुख्यमंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मुलाकात की। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि झारखंड में पार्टी के कार्यकर्ताओं के पुरजोर प्रयास के कारण एनडीए गठबंधन को कुल 9 सीटें प्राप्त हुई हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ता के सहयोग के बिना बेहतर प्रदर्शन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार आगामी 5 वर्षों में विकास की एक लंबी लकीर खींचने का काम करेगी जो इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा। झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए मजबूती के साथ उभरेगा और स्थायी सरकार बनाने का काम करेगा। जनता झारखंड की वर्तमान सरकार से ऊब चुकी है। झारखंड में नोटों का पहाड़ मिल रहा है। झामुमो,कांग्रेस, राजद के नेताओं के चाल-चरित्र सभी के सामने आ चुके हैं। चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाने का काम करेगी।

## कतरास करकेंद मार्ग पर सेन्द्रा रेलवे ब्रिज के नीचे सड़क पर गढ्ढे



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोयाबाद ।** कतरास करकेंद मुख्य मार्ग पर सेन्द्रा रेलवे ब्रिज के नीचे सड़क पर फिर से बड़े गढ्ढे बन गए। करीब सात माह पहले यहां पर मरम्मत का काम हुआ था। करीब 30 मीटर के भीतर यहां करीब दस छोटे बड़े गढ्ढे बन गए हैं। गढ्ढों के कारण छोटी बड़ी गाड़ियां हिचकोले खाती हुई गुजरती हैं। अक्सर दुर्घटना भी होती है। व्यस्त रहने वाली इस सड़क से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। धनबाद में दिन भर बड़े वाहनों की नो एंट्री के बाद यह सड़क पहले से ज्यादा व्यस्त मानी जाती है। अक्सर लोयाबाद में ट्राफिक जाम की समस्या भी परेशानी होती है। डीसी लाइन सेन्द्रा रेलवे पुल के नीचे का हिस्सा काफी खतरनाक है। बारिश में तो सड़क खराब हो ही जाती है। नाली का पानी सड़क पर गिरने से हालत बदतर होती जा रही है। सड़क की देख रेख पीडब्ल्यूडी के जिम्मे है।

## बांसजोड़ा ग्राउंड से पुलिस ने की छापेमारी,15 टन कोयला जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** बांसजोड़ा गोप्पा ग्राउंड से सीआईएसएफ व लोयाबाद पुलिस की संयुक्त छापेमारी में 15 टन कोयला जब्त किया गया। गुरुवार को सीआईएसएफ टीम व लोयाबाद पुलिस जब ग्राउंड पहुचीं तो सारे तस्कर फरार हो गए। जब्त कोयला हाइवा व पेलोडर के माध्यम से बांसजोड़ा में कांटा कराया, फिर बांसजोड़ा कोलियरी प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया। बांसजोड़ा साइडिंग से कोयला चोरी कर कर झाड़ियों में छिपा कर रखा गया था। छापेमारी टीम की अगुवाई सीआईएसएफ के पोस्ट कमांडर भूपेंद्र सिंह, लोयाबाद थाना के एएसआई हीरालाल दास कर रहे थे।

## डीआरएम ने की चार वर्ष में रेलवे फाटक बंद करने की घोषणा

### अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रासिंग दिवस पर रेलवे ने चलाया गया जागरुकता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रासिंग दिवस पर गुरुवार को डीआरएम कार्यालय से धनबाद रेलवे स्टेशन तक जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान में भारत स्काउट्स एण्ड गाइडस के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। डीआरएम की टीम ने यात्रियों के बीच पंपलेट बांटे एवं स्काउट्स एंड गाइड्स की टीम ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। डीआरएम ने बताया कि आज पूरे विश्व में यह दिवस मनाया जा रहा है। इसे मनाने का एक मात्र उदेश्य है अनधिकृत रूप से रेलवे क्रासिंग पार करने वालों को रोकना। रेल अधिकारियों को रेलवे क्रासिंग के पास बैनर तथा पंपलेट के माध्यम से लोगों को जागरूक करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि धनबाद रेल मंडल में वित्तिय वर्ष 2023-24 में 19 रेलवे फाटक को बंद कर दिये गए हैं। 15 रेलवे फाटक वित्तीय वर्ष 2024-25 में बंद करने जा रहे हैं। काम के अनुसार यह संख्या अधिक ड्डी हो सकती है। शेष 120 रेलवे फाटक को चार वर्षो में पूरी तरह समाप्त कर देंगे। उसकी जगह अंडरपास या ओवरब्रिज बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जमीन अधिग्रहण करने में परेशानी आती है। लोग पुरानी आदतों को बदलना नहीं चाहते हैं। उसमें ज्यादा समय लग जाता है, जिससे ओवरब्रिज या अंडरपास के काम में देर होती है। लेकिन इन सभी समस्याओं का समाधान करने के बाद ही सभी रेलवे फाटक बंद करेंगे। उन्होंने लोगों से रेलवे फाटक बंद रहने पर पटरी पार नहीं करने की अपील की। छोटी सी गलती के कारण जान गंवानी पड़ सकती है।

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति बोकारोवासी हुए उत्साहित बीएसएल प्रबंधन ने जगह जगह किया पौधारोपण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** हमारी भूमि - हमारा भविष्य के थीम के साथ धरती माता की रक्षा के लिए चास-बोकारो में विभिन्न संगठनों के लोगों ने पर्यावरण दिवस मनाया। शहरवासी विभिन्न संगठनों के बैनर तले जगह-जगह एकत्रित हुए। स्कूल कॉलेज एवं विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया गया। बोकारो स्टील प्लांट द्वारा संयंत्र नगर एवं अस्पताल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने पौधे लगाकर प्रकृति की रक्षा का संदेश दिया। निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने शहर के सिटी पार्क में पौधारोपण किया। मौके पर ईडी सीआर मोहापात्रा सुरेश रंगानी राजन प्रसाद अनेक सीजीएम जीएम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स बोकारो चैप्टर के परिसर में बीएसएल के पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबिलिटी विभाग के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ईडी राजन प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीजीएम पीके बैसाखिया उपस्थित थे। मौके पर एजीएम नितेश रंजन तथा अमित आनंद के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के विषय पर प्रस्तुति दी गई। बायो-मेडिकल वेस्ट के उचित पृथक्करण न्यूट्रलाइजेशन और निपटान पर बीजीएच के कर्मचारियों और नर्सिंग छात्रों के बीच एक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। कचरे के पृथक्करण पर विशेष जोर देने के साथ बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स की थीम पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस वर्ष के नोडल पर्यावरण अधिकारी के रूप में समीर महापात्रा नीरज कुमार अविनाश कुमार केएन झा शशिकांत अपूर्व बिस्वास तथा ललित मोहन को सम्मानित किया गया। प्रथम इको इनोवेशन अवार्ड से आरडीसीआई टीम के अभिजीत दास चन्दन कुमार तथा स्मिता टोप्पो को तथा द्वितीय इको इनोवेशन अवार्ड से बोकारो के परिक्षेत्रीय गांव दांतू के स्कूल के प्रशिक्षक अनिमेष चंद्र तथा उनकी टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। जीएम नवीन प्रकाश श्रीवास्तव ने पर्यावरण संरक्षण को एक जीवन शैली बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन तथा विजेताओं के नामों की उद्घोषणा एजीएम नितेश रंजन ने तथा धन्यवाद ज्ञापन हरिहर राउत ने किया।

# साहिबगंज : एसडीपीओ ने अपराध नियंत्रण को लेकर की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की के अध्यक्षता में मासिक अपराध नियंत्रण गोष्टी किया गया। वही इस मौके पर उन्होंने मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को थाना प्रभारियों को साफ शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मामलों का निपटारा जल्द से जल्द करें ताकि केस डायरी और 4 सीट न्यायालय को जल्द से जल्द समर्पित किया जा सके। वही लंबे समय से फरार अपराधी आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके लिए साधन छापेमारी अभियान चलाया जाए और आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द किया जाए क्षेत्र में भी गस्ती दलों को भेजकर जायजा लेने को कहा गया। साथ ही एसडीपीओ ने कहा कि चौक चौराहे पर अत्याधिक भीर भार होने पर भी इस पर विशेष नजर होनी चाहिए जितना हो सके भीर को नियंत्रण करने का प्रयास करें साथ ही बाइक चोर को भी गिरफ्तारी हो इसके लिए पूरी तरह से अपनी सूचना तंत्र को मजबूत रखें। बैठक में बोरियो थाना अध्यक्ष सह डीएसपी रूपेश सिंह, जीरवाबाडी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडे, मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार, महिला थाना प्रभारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर बैंक अधिकारियों के साथ जिला जज ने की बैठक



दुमका। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष संजय कुमार चन्द्धरियावी ने बैंक अधिकारियों संग गुरुवार को बैठक की। इस अवसर प्राधिकार अध्यक्ष ने कहा कि नालसा और झालसा के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को होना है। छोटे कर्जदार के मामले में बैंक लचीला व्यवहार अपनाएं बैंक अधिकारियों को अधिक से अधिक बैंक लोन आदि आपसी सुलह समझौते से निपटारा करवाने का अपील किया। प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में एनपीए मामले में बैंक अधिकारियों से रियायत बरतने और पक्षकारों के साथ सुलह समझौते से बैंक ऋण ब्याज एवं अन्य मामलों का निष्पादन करवाने पर जोर दिया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहे कि अधिक से अधिक लोग राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर बैंकों से संबंधित मामले को आपसी सुलह समझौते से निपटारा करवाने अवश्य पहुंचे इस अवसर पर विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे।

### समाजसेवी अनिल अग्रवाल ने माता वैष्णो देवी दर्शन हेतु श्रद्धालुओं के जत्थे को किया रवाना



बेरमो। जरीडीह बाजार अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने मां वैष्णो देवी दर्शन हेतु श्रद्धालुओं का जत्था को गोमो स्टेशन से जम्मू के लिए रवाना किया अग्रवाल कहा कि अपने परिजनों के सहयोग से निजी मत से प्रतिवर्ष माता वैष्णो देवी की यात्रा दर्शन के लिए वैष्णो देवी के लिए भेजते हैं। इनमें खासकर वैसे लोगों को चिन्हित करते हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर हो या अपने से माता वैष्णो देवी का दर्शन करने में सक्षम नहीं है। लगभग ऐसे लोगों को चिन्हित कर दर्शन कराने के लिए भेजा जाता है जिसका नेतृत्व हमारे बड़े भाई सौरभ अग्रवाल करते हैं। इस जत्थे में लगभग 40 महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हैं जो आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से हैं। यह सिलसिला पिछले 15 वर्षों से चलते आ रहा है। उपस्थित श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो तथा सभी भक्तो से आग्रह किया कि माता रानी के समक्ष अरदास करने के दौरान क्षेत्र में अमन चैन और एकता भाईचारा और खुशहाली के लिए प्रार्थना जरूर करें। मौके पर निरंजन कुमार भोला साह अनिल कुमार मुकुंद जैसवाल दिनेश कश्यप राकेश कुमार गिरधारी प्रसाद सोनू अगरिया संगीता कुमारी रीता देवी बिनेश साव पारो देवी बितली देवी सहित कई अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बोकारो : सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा



बेरमो/ललपनिया। बोकारो जिला की जिप अध्यक्ष सुनीता देवी ने अपने परिचितों के साथ वटसावित्री का व्रत किया। गुरुवार को वह ललपनिया के एक मंदिर पहुंच कर वटवृक्ष में उन्होंने रक्षा सूत्र बांधकर अपने पति की लम्बी उम्र की ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही क्षेत्र की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की। अध्यक्ष सुनीता देवी कहा कि वट सावित्री का व्रत प्रेम, आस्था और विश्वास का पर्व है। जिसे सुहागिनो अपने रीति-रिवाज साथ मनाती हैं। वही गोमिया प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के ललपनिया, होसिर पूर्वी एवं होसिर पश्चिमी, कुंदा, महुआटांड, बारीडारी, तुलबुल, धवैया, कंडेर, गोमिया के अलावा चतरोचट्टी थाना अंतर्गत विभिन्न मंदिरों एवं वटवृक्षों पर सुहागिनो ने वट सावित्री की पूजा पूरे विधि-विधान से की।

### तेनुघाट में भी मनाया गया बट्ट सावित्री पूजा



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। सुहाग की लंबी आयु का पर्व वट सावित्री व्रत पूजा के मौके पर आज सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्यवती होने और पति को दीघार्यु के लिय वट वृक्ष की पूजा की। इस दौरान महिलाओं ने बरगद के पेड़ में रंगीन कच्चा धागा बांधकर वट वृक्ष की परिक्रमा की। तेनुघाट, चापी, सरहचिया, घरवाटांड़, उलगड्डा और आस पास के विभिन्न क्षेत्रों मे सुबह से ही पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती नजर आई। इस दौरान महिलाओं ने अपने पति के सुहाग को अमर रहने की कामना की। साथ ही विद्वान पंडित के द्वारा कथा भी सुनी। बताते चले कि इस मौके पर बरगद के पेड़ के नीचे सुहागिन महिलाओं का हुजूम रहा। पंडित बलदेव मिश्रा और राजीव पांडेय के अनुसार वट सावित्री पूजा के दिन वट वृक्ष का पूजन-अर्चन करने का विधान है। व्रत करने से सौभाग्यवती महिलाओं की मनोकामना पूर्ण होती है और उनका सौभाग्य अखंड माना जाता है।

### डीपीएस बोकारो में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण अभियान चलाया गया



बोकारो। आज जिस प्रकार तापमान में अप्रत्याशित बढ़ोतरी भीषण आंधी तूफान वज्रपात से लेकर कई तरह की प्राकृतिक समस्याएं हम झेल रहे हैं उनसे बचाव के लिए एकमात्र उपाय अधिकाधिक पौधारोपण ही है। उक्त बातें डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सघन पौधारोपण अभियान के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि सही मायने में अगर हमें पर्यावरण मित्र होने का परिचय देना है तो हम सभी को सिर्फ एक दिन के लिए नहीं बल्कि हर दिन कुदरत की रक्षा करने के लिए संकल्पित होना होगा। प्राचार्य ने बताया कि डीपीएस बोकारो की ओर से अपने 'गो ग्रीन इनिशिएटिव' के तहत हरीतिमा-रक्षा के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को पठन-पाठन के साथ हरित-कार्यों से भी जोड़ा जाता है।

### शनिदेव की जयंती पर हुई विशेष पूजा तेलाभिषेक को लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता



दुमका। शनिदेव की जयंती गुरुवार को कुलदीप सिंह रोड स्थित शनि मंदिर में गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शनिदेव की विशेष पूजा-अर्चना और भव्य तेलाभिषेक का आयोजन हुआ। शनि मंदिर में शनि महाराज सुबह से ही महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस पावन अनुष्ठान में भक्तों ने शनिदेव पर सरसों तेल से अभिषेक कर फूल-फल के साथ काला कपड़ा, काला छाता एवं काले रंग की अन्य सामग्री चढ़ाई। मंदिर में सरसों तेल के दीप जलाए गए। मंदिर में परिसर में हवन का भी आयोजन किया गया। संध्या में महाआरती एवं 56 भोग का प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और विश्वास के साथ शनिदेव की पूजा-अर्चना की। जन्मोत्सव में पर्व ज्येष्ठ महीने में अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन शनिदेव की विशेष पूजा की जाती है। शनिदेव दिव्यांग, गरीब और मजदूर वर्ग के स्वामी है। सभी पूजन अनुष्ठान शनि मंदिर के प्रधान पुजारी पवन शर्मा की देखरेख में किया गया। वही शुक्रवार को भंडारा कर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर शनि मंदिर को भव्य रुप से सजाया गया था। मंदिर के बाहर पंडाल बनाया गया था। जहां पूजन सामग्रियों के स्टॉल लगाए गए थे।

### कुम्हारपाड़ा में भी हुई शनि महाराज की पूजा

कुम्हारपाड़ा शिवसुंदरी रोड स्थित शनि महाराज मंदिर में गुरुवार को धूमधाम से शनि जन्मोत्सव मनाया गया। शनि जन्मोत्सव पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। उसके बाद संध्या सात बजे आरती के बाद भोग लगा प्रसाद वितरण किया।

### विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में चंद्रपुरा के डीवीसी कॉलोनी में किया गया पौधारोपण



बोकारो/चंद्रपुरा। दामोदर घाटी निगम चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र कॉलोनी में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर वरिष्ठ महाप्रबंधक रामप्रवेश साह सहित डीवीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। ठाकुर ने कहा कि पर्यावरण प्रबंधन के लिए पौधा लगाना हम सभी का दायित्व है। हम सभी प्रयास करें कि अपने अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाए। मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक रामप्रवेश साह उप महाप्रबंधक संजीव कुमार राजीव रंजन ओझा केएम प्रियदर्शी राजीव कुमार महावीर ठाकर तरुणेश्वर प्रसाद दिलीप कुमार आरपी सिंह विनय कृष्ण दास सत्येंद्र कुमार कंचन स्मिता टोप्पो स्वेता रानी हरि मुकुंद प्रजापति संजीव कुमार राजीव कुमार तिवारी बद्रीनारायण राठिया अक्षय कुमार विजय कुमार सिंह विजय कुमार पांडेय बलदेव सिंह सुनील कुमार तालेश्वर टुड्डू अशोक झा आदि शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### 9 जून को मारवाड़ी युवा मंच का रक्तदान शिविर



**चक्रधरपुर।** मारवाड़ी युवा मंच चक्रधरपुर शाखा के तत्वावधान में 9 जून रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसे लेकर मंच के पदाधिकारियों ने गुरूवार को एक प्रेसवार्ता की। जिसमें उन्होंने बताया कि शिविर सांवरमल केजरीवाल के स्मृति में आयोजित की जा रही है। बताया कि रक्त की कमी एवं जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन सीकेपी दरबार के हाल में आयोजित किया गया है। बताया कि सदर अस्पताल चाईबासा के ब्लड बैंक की टीम रक्त संग्रह करेगी। संयोजक कमल खेतान एवं नितेश भगेरिया ने बताया कि शिविर में दो सौ यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने शहरवासियों एवं रक्तदाताओं से शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करने की अपील की है। मौके पर कमल खेतान, नितेश भगेरिया, ऋषभ मेहता, पीयूष अग्रवाल, मयंक केडिया, प्रतीक शाह, आकाश काबरा, नरेश केडिया, संतोष अग्रवाल, जतिन शाह, विजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### साहिबगंज : जीआरपी मंदिर से मुकुट की चोरी

**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन चौक स्थित जीआरपी मंदिर में हनुमान जी की चांदी की मुकुट चोरी हो गई। सूचना मिलते ही मौका पर पुलिस पहुंचकर छानबीन में जुट गई। मंदिर के पुजारी पंकज मिश्र ने बताया कि नित्य दिन की तरह सुबह 4 बजे के आसपास मंदिर का पट खोल कर साफ-सफाई की। इसके बाद 5 बजे बाथरूम व स्नान के लिए चले गए। बाथरूम से फिर कुआं पर पहुंचे तो वहां से देखा कि कोई चप्पल बाहर रखा हुआ था। इतने में एक ब्लू रंग का हाफ पैंट व गुलाबी रंग कि टीशर्ट पहने हुआ युवक मंदिर से निकल पूरब की तरफ जाता दिखा। फिर स्नान कर मंदिर के अन्दर पहुंचा। हनुमान जी के प्रतिमा की ओर देखें तो 10 भर चांदी का मुकुट हनुमान जी के प्रतिमा से गायब था। नगर थाना इंस्पेक्टर अमित गुप्ता ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### साहिबगंज : महिलाओं ने की वट सावित्री व्रत

**साहिबगंज।** गुरुवार को साहिबगंज जिला समेत देश भर में वट सावित्री व्रत मनाया जाएगा। इसको लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बुधवार शाम को बाजारों में खूब रौनक रही। पत्नियां पति की लंबी आयु एवं सौभाग्य की कामना के लिए 6 जून को ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या से युक्त रोहिणी नक्षत्र व धृति योग में वट सावित्री का व्रत करेंगी।इस दिन बरगद के वृक्ष की पूजा कर सुहागिन महिलाएं देवी सावित्री के त्याग, पति प्रेम एवं पतिव्रत धर्म का स्मरण करती हैं। यह व्रत सुहागिन स्त्रियों के लिए सौभाग्यवर्धक, पापहारक, दुख प्रणाशक और धन-धान्य प्रदान करने वाला होता है।

## राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव बासुकीनाथ में सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने बैठक कर दिये निर्देश, कहा

# श्रद्धालुओं को कोई समस्या ना हो

## कांवरिया रूट में बेरिकेडिंग, स्ट्रीट लाइट, साज सज्जा, ओपी की व्यवस्था की जाये

**खबर मन्त्र संवाददाता**





बैठक करते उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारी।

**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव बासुकीनाथ में सफल आयोजन को लेकर पदाधिकारियों की गुरुवार को बैठक समाहरणालय कार्यालय में आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त ए दोड्डे ने की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आगामी सावन महीने में विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव बासुकीनाथ धाम में आयोजन होना है। इस अवसर पर देश-विदेश से प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा बासुकीनाथ के जलाभिषेक के लिए बासुकीनाथ पहुंचते है। जिला प्रशासन श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक बाबा बासुकीनाथ का दर्शन कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उक्त के आलोक में मेला के सफल आयोजन के लिए अभी से ही युद्धस्तर पर कार्य करते हुए मेला प्रारंभ होने के पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ कर लेने की आवश्यकता है।

उक्त संबंध में यह आवश्यक है कि मेला की व्यापक तैयारियों के लिए राशि का आंकलन हुए आवंटन उपलब्ध कराने के लिए विभाग को अधियाचना पत्र शीघ्र भेज दी जाए, ताकि विभाग से ससमय करते आवंटन प्राप्त हो एवं सभी व्यवस्थाएं मेला प्रारंभ होने के पूर्व सम्पन्न कराए जा सकें। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि कांवरिया रूट में बेरिकेडिंग, स्ट्रीट लाइट, साज सज्जा, ओपी की व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि जगह जगह पर शौचालय, पानी की व्यवस्था की जाए। ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को पेयजल की समस्या नहीं हो।

श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नही हो, इसे ध्यान में रखते हुए बेहतर ढंग से बेरिकेडिंग की जायेगी। बैठक में पुलिस अधिक्षक, उप विकास आयुक्त, आइटीडीए निदेशक, सहायक समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बीएंडके मे इनमोसा की बैठक सुरक्षित उत्पादन पर जोर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** इंडियन नेशनल माइन ऑफिशियल एवं सुपरवाइजरी स्टॉफ एसोसिएशन (इनमोसा) बीएंडके की ओर से कई मांगों को लेकर बीएडके महाप्रबंधक के साथ जीएम कार्यालय में बैठक हुई। जीएम के रामाकृष्णा ने कहा कि कोयला खदानों में कामगारों की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। वहीं उन्होंने कहा कि सुरक्षित खदान, सुरक्षित उत्पादन और सुरक्षित मजदूर-अधिकारी ही सुरक्षा के मापदंड हैं।

साथ ही जीएम ने कहा कि कोयला उत्पादन में माइनिंग सरदार और ओवर मैन की भूमिका अहम होती है इनमोसा के एरिया सचिव डी पी मौर्या ने सीसीएल में माइनिंग सरदार और ओवरमैन की कमी अविलंब दूर करने, इनमोसा का प्रतिनिधित्व सभी कमेटियों में सुनिश्चित करने, माइंस एक्ट प्रावधान के अनुसार माइनिंग सुपरवाइजरी स्टाफ का प्रमोशन सहित कई मांगों को रखा। मौके पर एसओपी राजीब कुमार, एएफएम जी चौबे इनमोसा की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, कारो सचिव सचिव निरंजन सिंह, बोकारो कोलियरी सचिव रौशन सिंह, खासमहल सचिव शैलेन्द्र कुमार सहित डोमन पासवान, मोहम्मद खुर्शीद, मकसूद आलम, शैलेंद्र कुमार, सुदीश कुमार, महेश रजक आदि मौजूद थे।

# नव निर्वाचित सांसद जोबा मांझी को विभिन्न संगठनों के लोगों ने मिलकर दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** सिंहभूम की नव निर्वाचित सांसद जोबा माझी को बधाई मिलने का सिलसिला जारी है। गुरूवार को भी पूरे दिन सिंहभूम के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने आवास पर मुलाकात कर बधाई दी। इस दौरान लोगों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया एवं नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। कई लोगों ने सांसद के समक्ष जनहित से जुड़ी समस्याओं को रखा एवं उसके समाधान की मांग की। सांसद ने लोगों को आश्वस्त किया कि ऐतिहासिक जीत के बाद उनकी जिम्मेदारी बढ़ गई है। विकास कार्य एवं समस्याओं के समाधान को लेकर वह पूर्व से गंभीर रही है पूरे सिंहभूम संसदीय क्षेत्र की समस्याओं को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान का प्रयास करेगी। सिंहभूम बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष मोहम्मद बारिक के नेतृत्व में सदस्यों ने सांसद से मिल बधाई दी। एसोसिएशन के सदस्य मोहन राठौड़, सुरेश साव, सुमन अग्रवाल, अवधेश ठाकुर, जितेंद्र भगत, पंकज साव, प्रमोद यादव के अलावा सांसद को बधाई देने सिंहभूम केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्ध्यक्ष सतीश ठक्कर, चक्रधरपुर की जिला परिषद सदस्य मीना जोंको, लक्ष्मी हांसदा, झामुमो जिला सचिव सोनाराम देवगम, इकबाल अहमद, कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंबुराय चौधरी, गोविंद प्रधान, पूर्व मुखिया जानकी हेम्ब्रोम, जगन्नाथपुर के ज्वाला कोड़ा, आनंदपुर के झामुमो नेता संजीव गंताइत, सोनुवा के बनबिहारी प्रधान समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। इससे पूर्व बुधवार की शाम को चक्रधरपुर मुखिया संघ के सदस्य अध्यक्ष जंगल सिंह गागराई के नेतृत्व में मिलकर बधाई दी थी।

# नीट 2024 में चिन्मय विद्यालय बोकारो के छात्रों का धमाकेदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**बोकारो।** नीट 2024 में चिन्मय विद्यालय बोकारो के छात्र छात्राओं का शानदार प्रदर्शन हुआ है। इस विद्यालय के 18 से अधिक छात्राओं को 600 से अधिक अंक प्राप्त हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दिया और कहां कि निश्चित ही यह परिणाम अति सुखप्रद है। नीट परीक्षा में शुभम आनंद वादिनी कुमारी प्रांजल आयुष मौरूषी घोष प्रेमजीत सिंह शोभिक पॉल निशांत कुमार आयुष राय हर्षराज शाश्वत रंजन आनंद मिश्रा वैष्णवी अनुष्का आनंद आयुषी प्रिया जिज्ञासा तिवारी ऋषिका प्रिया हिमांशुअनुश्री डे शिल्पी डेतनुश्री डे अवंतिका शशि राज सहित कुल 30 छात्र-छात्राओ के सफल होने की जानकारी प्राप्त है। स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने सभी सफल छात्र- छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य सूरज शर्मा ने इस बाबत ऊंची उड़ान के समन्वयक देवज्योति बोराल अशोक चौबे अजय सिंह लीला सिंह डॉ रोशन शर्मा कुमुद रंजन सिंह सहित सभी वरीय शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

### डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, सत्यम रहे टॉपर



SATYAM KUMAR

नीट 2024 में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने इस बार भी उम्दा प्रदर्शन किया। विद्यालय के लगभग तीन दर्जन विद्यार्थियों ने शानदार कामयाबी पाई है। इनमें विद्यालय के छात्र सत्यम कुमार ने सर्वाधिक 695 अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉपर होने का गौरव पाया है।

# बेरमो कोयलांचल में धूमधाम से की गयी वट सावित्री पूजा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल क्षेत्र में गुरुवार को सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा मनाई। फुसरो, करगली बाजार, सुभाषनगर, बेरमो सीम, जारंगडीह, बोकारो थर्मल, समेत गोमिया में बरगद पेड़ के नीचे सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा कर अपने पति की दीघार्यु के लिए सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर मंगल कामना की। करगली गेट स्थित वट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की। गांवों में महिलाओं ने वट सावित्री पूजा की। महिलाओं ने बरगद पेड़ के चारों ओर मौली धागा बांधते हुए परिक्रमा लगाई। पूजा में शामिल महिलाओं ने एक-दूसरे को सिदूर लगाया। सुहागिनों ने बरगद के पेड़ के नीचे पंडितों से वट वृक्ष की महिमा और सावित्री सत्यवान की कथा सुनी। पूजा के बाद सुहागिनों ने दान किया।

स्पीड न्यूज

## दूसरी बार सांसद बनने पर शिक्षक संघ ने दी बधाई

**कोडरमा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ कोडरमा ने अन्नपूर्णा देवी को दूसरी बार लोकसभा की जीत पर बधाई दिया है। बधाई देने वालो मे जिलाध्यक्ष शिवशंकर रजक, महासचिव रविकान्त कुमार रवि, संगठन सचिव सुभाष चन्द्र, संरक्षक सलाहकार संजीव मिश्रा, प्रदीप धोबी, प्रकाश पंडित, सुर्यदेव कुमार, रंजन गुप्ता आदि शामिल हैं।

## नगर परिषद क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासक को सौंपा ज्ञापन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत झारखंड प्रांत के सदस्य अनिल गुरु ने नगर परिषद क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर परिषद प्रशासक के नाम एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में ग्राहक पंचायत के सदस्य श्री गुरु ने प्रशासक की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नियमित नालियों की सफाई के साथ-साथ ब्लीचिंग का छिड़काव करने की मांग की है।

## जरगा में एलपीजी सेफ्टी क्लीनिक का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जारगा पंचायत के पंचायत भवन में एलपीजी सेफ्टी क्लीनिक का आयोजन किया गया। वहीं मैसर्स रामपाल एजेंसीज झुमरीतिलैया द्वारा आयोजित इस क्लीनिक में जारगा पंचायत के सभी गैस उपभोक्ताओं को एलपीजी का सही सुरक्षित इस्तेमाल, दुर्घटना से बचाव के साथ साथ बीमा से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई।

## पेयजलापूर्ति को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, दिये कई निर्देश

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में नगर निकाय क्षेत्रों में पेय जलापूर्ति से जुड़े समस्याओं के निदान के लिए बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि पेयजलापूर्ति हेतु बिछाये जा रहे पाइपलाइन से संबंधित समस्या का निदान करते हुए पाइपलाइन बिछाने की कार्रवाई यथाशीघ्र करेंगे। साथ ही एनएच को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में तेजी लायें।

## नीट की परीक्षा में ध्रुव ने 707 अंक लाकर जिले का नाम किया रोशन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के ककरचोली गांव के सरकारी शिक्षक राजेश शर्मा का पुत्र ध्रुव शर्मा ने नीट की परीक्षा में 720 में से 707 अंक लाकर न केवल गांव का बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। ध्रुव शर्मा ने काफी कठिनाइयों का सामना किया है, क्योंकि उसके गांव में आज तक आने-जाने का साधन न होने के बावजूद भी इन्होंने कभी स्कूल की पढ़ाई नहीं छोड़ा। सरस्वती पब्लिक हाई स्कूल पावर हाउस से मैट्रिक (2021) पास करने के बाद उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी। ध्रुव शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। मौके पर अर्जुन चौधरी, सुखदेव पांडे, रामदेव सर, देवेंद्र सर, गुड्डू, विनोद चौधरी, औरंगजेब, संदीप तिवारी, मुमताज खान, चंद्रशेखर यादव, सुखदेव राणा ने उनकी सफलता पर बधाई दिया है।

## ट्रेन में मृतक के शव को जीआरपी ने कोडरमा स्टेशन पर उतारा

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** ट्रेन में सफर के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति हुई संदिग्ध स्थिति में मौत के बाद जीआरपी ने शव कोडरमा स्टेशन पर उतारा। मृतक गुरुवार को (18626) हटिया पटना सुपर एक्सप्रेस से सफर कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर द्वारा जीआरपी को ट्रेन में एक शव होने की सूचना मिली। जिसके बाद जीआरपी ने आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक मुर्शीद आलम खान, उप निरीक्षक जेके सिंह तथा जीआरपी जवान के सहयोग से शव को कोडरमा स्टेशन पर उतारा गया। इसके पूर्व ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों से मृतक के सगे संबंधियों के बारे में पूछताछ में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं मिली।

### पूरे अभ्रकांचल क्षेत्र में महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा अर्चना

# वट सावित्री पूजन में दिखी सुहागिनों की भीड़

### महिलाओं ने सातो जन्मों तक रिश्तों को मजबूत बने रहने की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पूरे अभ्रकांचल क्षेत्र में गुरूवार को महिलाओं ने वट वृक्ष के समीप पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। बताते चलें कि पति को देवता का दर्जा देने वाली सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष के समीप अहले सुबह से पहुंचने लगी थी और यह सिलसिला अपराह्न तक जारी रहा। अखंड सुहाग की रक्षा के लिए सुहागिनों ने बरगद पेड़ के समक्ष 5, 7, 11, 21, 51, और 108 बार कच्चे धागे के साथ परिक्रमा कर पेड़ में बांधती नजर आई और सात जन्मों तक रिश्तों को मजबूत बने रहने की कामना करती रही। वहीं महिलाएं वट वृक्ष के पास कथा भी सुनी। कोडरमा में गुरूवार की सुबह से ही अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने जगह-जगह वट सावित्री पूजा की। कोडरमा में विधायक डॉ.नीरा यादव समेत अन्य महिलाएं समूह में निकलीं और विधि विधान से बरगद पेड़ का पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया।





### सुहागिनों ने बरगद पेड़ के नीचे कथा सुनी

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अपने पति के दीर्घायु होने के लिए सुहागिनें वट सावित्री व्रत की। इस दौरान सुहागिनों ने बरगद के पेड़ के नीचे पहुंच कर वट सावित्री की कथा सुनी और अपने पति की लंबी उम्र और स्वस्थ्य, समृद्ध जीवन के लिए कामना की। पूजा अर्चना के बाद सुहागिनें एक-दूसरे को नाक से सिंदूर लगाकर अमर सुहाग की कामना की। प्रखंड के सांथ में पूजा देवी, रूपा देवी, सुनीता देवी, मीणा भारती, सुशीला देवी, शांति देवी, ममता देवी, गीता देवी, कविता देवी, फुलमती देवी, पिकी देवी सहित सैकड़ों की संख्या में सुहागिनों ने पूजा अर्चना की।

### सुहागिन महिलाएं सत्यवान व सावित्री की कथा सुनी



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष के समीप पहुंच कर पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो, जामु, दशारो, पपलो, दरदाही, नावाडीह, चोपनाडीह, देवीपुर, बरियाडीह समेत कई ग्रामीण इलाकों में अहले सुबह महिलाएं 16 श्रृंगार कर पूजा अर्चना के लिए पहुंची। अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर बट वृक्ष की 5, 11, 21, 31, 51, 108 बार परिक्रमा भी की। अमावस्या पड़ने से सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू हो गई। वहीं आचार्य अधीन पांडे ने बताया कि महिलाएं कथा सुनने के उपरांत श्रृंगार के समान पंखा समेत अन्य सामग्रियां भेंट करती हैं। परिक्रमा के बाद सुहागिन महिलाएं सत्यवान व सावित्री की कथा सुनी।

## सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए किया वट सावित्री की पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड में गुरुवार को सभी गांव में सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री की पूजा की। सुहागिनों ने सुबह से ही जगह जगह बरगद के पेड़ के पास जाकर पूजा किया एवं सूत के धागे परिक्रमा के दौरान लपेटी और साथ ही साथ ब्राह्मणों के द्वारा सुनाई गई कथा का भी अनुश्रवण किया। वट वृक्ष के परिक्रमा के पश्चात् महिलाओं ने हर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया।

**बरगद पेड़ का धार्मिक महत्व :** शास्त्रों की मानें तो वट वृक्ष की छाल में विष्णु जड़ों में ब्रह्मा और शाखा में शिव विराजमान होते हैं। भगवान बुद्ध भी बरगद वृक्ष के नीचे ही ध्यान किये थे तब से इस वृक्ष को बौद्ध धर्म में आध्यात्मिक वृक्ष के रूप में भी पूजा जाता है।

**वट वृक्ष का वैज्ञानिक महत्व :** बरगद का वृक्ष को हमेशा ऑक्सीजन सिलेंडर भी कहा जाता है। कई शोध में भी सामने आया है कि बरगद का पेड़ दिन में 20 घंटे ज्यादा ऑक्सीजन उत्सर्जित करता है। वट वृक्ष 12 महीने हरा-भरा रहता है।

### धार्मिक मान्यताओं के साथ सुहागिनों ने मनाया वट सावित्री पूजा

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सुहागिनें पति की लंबी आयु एवं सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए गुरूवार को अमावस्या धृति व रोहिणी नक्षत्र में सुहागिनें की वट सावित्री की पूजा धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष की शाखा को देवी सावित्री का रूप माना गया है, जिसमें ब्रह्मा, शिव, विष्णु के साथ स्वयं माता सावित्री भी निवास करती है। मान्यता के अनुसार वट सावित्री व्रत करने से सुहागिने अखंड सुहाग, पति की दीर्घायु, वंश वृद्धि, दांपत्य जीवन में सुख शांति मिलती है, साथ हीं वैवाहिक जीवन में आने वाले सभी तरह के कष्ट से मुक्ति मिलती है। वहीं वट सावित्री के दिन बटवृक्ष की पूजा करने से शनि, मंगल और राहु के अशुभ प्रभाव भी समाप्त होते हैं।

### महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा, सुनी सत्यवान की कथा



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को पूरे विधि विधान के साथ वट सावित्री की पूजा अर्चना की। इस दौरान सुहागिन महिलाओं संपूर्ण श्रृंगार कर वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए सात बार धागे द्वारा फेरे लगाए। बाद में महिलाओं ने बट वृक्ष के नीचे मौजूद पंडित द्वारा बताए जा रहे हैं सावित्री सत्यवान की कथा सुनी। इस दौरान महिलाएं अपने-अपने बाल में बरगद के पत्ते भी लगाए थे। पूजा अर्चना के क्रम में महिलाओं ने बांस के बने पंखे में लाल धागा बांधकर वट वृक्ष को पहले पंखा झेली। इसके पश्चात् घर आने पर महिलाओं ने पति को पंखा झेलने की प्रथा निभाई। यह पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम व स्नेह का प्रतीक माना जाता है। वट सावित्री व्रत हिंदू धर्म की महिलाओं का एक महत्वपूर्ण व्रत है।

## चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने माता बागेश्वरी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**गिद्धौर।** चतरा हजारीबाग मुख्य सड़क में स्थित माता बागेश्वरी मंदिर बलबल में बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नए चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने पूजा अर्चना की।भाजपा कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और प्रखंड में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी जीत का जश्न मनाया। कार्यकताओं ने कहा कि कई वर्षों बाद उन्हें स्थानीय सांसद मिला है और वे इस खुशी में एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर खुशी मना रहे हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, उप प्रमुख प्रीतम यादव, प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, बिंदेश्वरी यादव सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## टीकाकरण को लेकर प्रशिक्षण शिविर आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एडल्ट बीसीजी टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य सहिया और कर्मियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि अब 20 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को भी बीसीजी का टीका दिया जाएगा। 1 साल से कम उम्र के बच्चों को बाएं हाथ में टीका दिया जाता था, लेकिन एडल्ट को दाहिने हाथ में दिया जाएगा। टीकाकरण से टीबी के मरीजों में कमी आएगी। स्वास्थ्य कर्मी ध्यान दें कि कोई भी व्यक्ति टीका से वंचित न रहे।

## सुहागिनों ने पति की दीघार्यु के लिए किया वट सावित्री की पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र में वट सावित्री की पूजा धूमधाम से की गई। सुहागिनों और नई नवेली दुल्हनों ने दिनभर उपवास रखकर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान वट वृक्ष के पास महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। सुहागिनों ने वट वृक्ष को फूल, फल, बेलपत्र, नारियल, सिंदूर, रोड़ी, धूप और अगरबत्ती चढ़ाया। साथ ही वट वृक्ष में रक्षा सूत्र (मौली धागा) बांधकर पति की दीघार्यु के लिए कामना की। सुहागिनों ने भगवान से जन्म-जन्मांतर तक पति के साथ रहने की प्रार्थना की और हर दुख-सुख में साथ चलने की मन्नतें मांगी। पूजा-अर्चना के बाद सुहागिनों ने घर पहुंचकर पति का तिलक लगाया, पंखा चलाया और पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वट सावित्री की पूजा-अर्चना को लेकर अहले सुबह से ही सुहागिन वट वृक्ष के पास पहुंच गई थीं। पूजा-अर्चना दोपहर तक चली। प्रखंड के सबानो, सिमरिया, बस्ती, बन्हे, बानासाडी, बेलगड्डा, बगरा, जबडा, ईचाकखुर्द, रोल, लिपदा, जिरुवाखुर्द, शिला, इचाक, पीरी, जांगी, डाडी, एदला, पुंडरा आदि गांवों में भी भक्ति भाव से वट सावित्री की पूजा-अर्चना की गई।

### वट वृक्ष की पूजा पति के लंबी आयु सुख समृद्धि कि कीया कामना



**गिद्धौर।** बृहस्पतिवार को सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष एवं शिवालय में वट सावित्री पूजन किया और अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। विवाहित महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर अपने वैवाहिक सुख की रक्षा की कामना भी की। सुहागिन महिलाएं सुख समृद्धि के साथ-साथ अखंड सौभाग्य की कामनाओं को लेकर ज्येष्ठ कृष्णा पक्ष की अमावस्या को सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य के लिए वट सावित्री पूजा का व्रत रखती हैं। इस दिन का उनके लिए, खासकर नवविवाहितों के लिए खास महत्व होता है। सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु की कामना के लिए वट वृक्ष की पूजा करती हैं। इस पर्व में सत्यवान और सावित्री की कथा सुनी जाती है। साथ ही साथ सुहागिन महिलाये वट वृक्ष की 108 बार परिक्रमा भी करती हैं।

## सभी बैंक खाताधारक अवश्य कराएं जीवन ज्योति व जीवन सुरक्षा बीमा : एलडीएम

### एलडीएम ने मृतक के आश्रित को सौंपा दो लाख का चेक

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** प्रखंड के जबड़ा पंचायत भवन में केंद्र सरकार के महत्वकांक्षी योजना जीवन ज्योति व जीवन सुरक्षा बीमा योजना को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया बगरा मोड़ शाखा प्रबंधक आकाश कुमार महतो के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक रविन्द्र कुमार सिंह शामिल हुए। विदीत हो कि कुछ दिन पहले जबड़ा निवासी शंभू यादव का आकस्मिक निधन हो गया था। जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दिवंगत शंभू यादव की पत्नी रबीता देवी को एलडीएम के हांथो दो लाख का चेक सौंपा गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एलडीएम रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जीवन ज्योति बीमा और जीवन सुरक्षा बीमा योजना भारत सरकार के अति महत्वकांक्षी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं में से एक है। इन दोनों योजनाओं में शत प्रतिशत बैंक खाताधारकों को पंजीकृत होना चाहिए। मात्र 436 रुपए एवम 20 रुपए में चार लाख का बीमा कभर होता है जो मृत्युपरांत बिना किसी झंझट के बैंक द्वारा मृतक के आश्रित के खाते में ट्रांसफर कर दी जाती है। श्री सिंह ने कहा कि गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को ऐसे विपरीत परिस्थितियों में दो से चार लाख तक की बैंक द्वारा बीमित राशि मिल जाने पर सहारा हो जाता है। कार्यक्रम में सिमरिया प्रखंड प्रमुख रोहन साव, मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा साव, बैंक बीसी मनोज कुमार सिंह, सुभाष सिंह, प्रमोद कुमार साहू, यमुना प्रसाद यादव, एमडी नेसार, एमडी आरिफ समेत कई लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## क्षत्रिय महासभा का वार्षिक अधिवेशन की तैयारी अंतिम चरण पर



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखंड के शायल बगीचे में दहेज उन्मूलन समिति क्षत्रिय महासभा उतरी छोटानागपुर का तीन दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 8, 9 और 10 जून को होगा।अधिवेशन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में समाज के अग्रणी लगे हुए हैं। कैंडी परगना अध्यक्ष बसंत नारायण सिंह ने बताया कि अधिवेशन में झारखंड के कई जिलों से क्षत्रिय समाज के हजारों लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर कैंडी परगना के सदस्यों की बैठक भी हुई, जिसमें तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में कामाख्या सिंह, नरेश सिंह, रामचंद्र सिंह, तापेश्वर सिंह, राजेंद्र सिंह, सतीश सिंह, प्रकाश सिंह, राजकुमार सिंह, अर्जुन सिंह, अशोक सिंह उर्फ कलाकार, बच्चू सिंह, पंकज सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## शराबी माता-पिता की प्रताड़ना से तंग आकर बच्चे पहुंचे थाना

खबर मन्त्र संवादाता



**चतरा।** हंटरगंज के बहेरा गांव में, शराबी माता-पिता अपने बच्चों के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं। पैसे के लिए, वे नशे की हालत में अपने बच्चों को बेरहमी से पीटते हैं। पीड़ित बेटी, भवानी कुमारी, ने अपने माता-पिता के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। भवानी कुमारी का कहना है कि उसके माता-पिता, संतोष भारती और संजू देवी, शराबी हैं और बचपन से ही उन्होंने अपने तीन बच्चों को छोड़ दिया है। तीनों बच्चे अपने दादा-दादी के साथ रहते हैं और अपना भरण-पोषण करने के लिए मजदूरी करते हैं। जब बच्चे मजदूरी करके घर लौटते हैं, तो उनके माता-पिता उनसे पैसे मांगते हैं और न देने पर उन्हें बुरी तरह पीटते हैं। बच्चों को बचाने की कोशिश करने पर, वे उनके दादा-दादी को भी पीटते हैं। भवानी कुमारी ने कहा कि वह अपने माता-पिता के उत्पीड़न से तंग आ चुकी है और उन्होंने धमकी

## तीन किलो अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** ऑपरेशन नार्कोस के तहत रेल एसपी के गुप्त सूचना पर आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में बुधवार की देर शाम कोडरमा स्टेशन से एक युवक को लगभग 3 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। 3 किलो अफीम की अनुमानित मूल्य लगभग 4 लाख बताए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि रेल एसपी के गुप्त सूचना पर कोडरमा स्टेशन पर चेकिंग अभियान तेज कर दी गई। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या 4 फुट ओवर ब्रिज के निकट संदिग्ध स्थिति में पिट्ठू बैग लिए खड़े एक युवक से पूछताछ की गई।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निजी अस्पतालों का किया निरीक्षण, मिली भारी गड़बड़ियां



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को उप निदेशक डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में झुमरीतिलैया स्थित विभिन्न निजी नर्सिंग होम और हॉस्पिटलों का औचक निरीक्षण किया। टीम में शामिल राज्य स्तरीय पदाधिकारी और सिविल सर्जन शामिल थे। टीम के द्वारा जांच के क्रम में निजी अस्पतालों में भारी गड़बड़ियां मिली। वहीं राज्यस्तरीय टीम के समन्वयक राहुल कुमार सिंह ने बताया कि जांच में कई प्रकार की अनियमितता पाई गई। वहीं जया हॉस्पिटल में रसोईघर में प्रसव कक्ष संचालित किया जा रहा है, टीम जब हॉस्पिटल पहुंची तो एक भी डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट नही मिले, सिर्फ दो स्टॉफ नजर आए, पूछताछ के क्रम में दोनों कर्मियों के पास किसी प्रकार की डिग्री नही पाया गया, इसके अलावे अस्पताल संचालन से सम्बंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नही किया गया, भर्ती मरीजों का भी कोई रिकार्ड नही मिला। उन्होंने बताया की जांच के क्रम में पाया गया कि नर्सिंग होम मालिक का घर और हॉस्पिटल एक ही भवन में संचालित किया जा रहा है, इससे प्रतीत होता है कि नर्सिंग होम पूरी तरह नियम विरुद्ध संचालित किया जा रहा है। वहीं कश्यप हॉस्पिटल में भी जांच के दौरान कई अनियमितता पाई गई,

## कोडरमा गौशाला में जैविक खाद का उत्पादन शुरु



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री कोडरमा गौशाला समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत गोबर से निर्मित जैविक खाद का निर्माण कार्य आरंभ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डीएफओ सूरज कुमार सिंह उपस्थित थे। एवं उनके द्वारा जैविक खाद्य निर्माण मशीन का उद्घाटन किया गया। उन्होंने गोबर से जैविक खाद बनाने की कार्य-विधि और उसके उपयोग में होने वाले संशोधित गोबर के विषय में जानकारी ली। वहीं उन्होंने गौशाला समिति द्वारा जैविक खाद्य निर्माण एवं कोडरमा गौशाला परिसर में पल रहे गौवंशों के रख-रखाव एवं गौशाला के कार्यकलापों पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने वन विभाग के वरिष्ठतम पदाधिकारी होने के नाते यह आश्वासन भी दिया कि वे अपने प्रयास से गौशाला को सुचारु रुप से चलने में हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### श्रद्धालुओं का जत्था केदारनाथ रवाना



**हरिहरगंज पलामू।** बाबा केदारनाथ दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। समाजसेवी विमलेश पाठक, रमेश स्वर्णकार सहित कई लोगों ने यात्रियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामना देते हुए रवाना किया। विमलेश ने कहा कि केदारनाथ धाम पहुंच बाबा का दर्शन रोमांचित करता है। अपने आराध्य के पूजन से पुण्य मिलता है। यात्रियों में बल्लू बलराम, सन्नी गुप्ता, चंदन जायसवाल, पिंटू कुमार, दिलीप स्वर्णकार, विकास जायसवाल, मिठू कुमार, गौरव शौंडिक, पवन कुमार, अंकित कुमार, सोनू कुमार, मंटू कुमार, सुनील सोनी शामिल हैं।

### सत्यवान-सावित्री की कथा सुन पति के प्राणों की रक्षा का लिया संकल्प



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र में गुरुवार को महिलाओं ने वट सावित्री पूजा कर अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना की। सुबह से महिलाओं ने पूर्ण साजो श्रृंगार में शहरी क्षेत्र के कुर्मी टोला, छठ पोखरा, कास्थ्य मुहल्ला, चार धाम, स्टेशन रोड, राम विगहा जपला चौबे आदी स्थानों पर महिलाओं की काफी भारी मात्रा में महिलाओं ने पूजा अर्चना की। मौके पर सरोज देवी ,रूपम देवी,विभा देवी,सुनीता देवी कविता आदि ने पूजा की।

### नया ट्रांसफार्मर लगा, मिली राहत



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के कोल्हुआ सोनबरसा पंचायत के गाजीबिहरा लेमुआटिकर दक्षिणी टोला के जले ट्रांसफार्मर की 63 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर गुरुवार को लगा। मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, रामानुज पाठक, बाल्मीकि, पप्पू, अजित, सुरेश, रणधीर, संतु, मनोज, सरोज, मनु, विद्युतकर्मी ललित मेहता, मंटू मेहता उपस्थित थे।

### विश्रामपुर में हुई वट वृक्ष की पूजा



**विश्रामपुर, पलामू।** विश्रामपुर नप व आंचलिक क्षेत्रों में वट सावित्री व्रत के दिन महिलाओं ने विशेष पूजा-अर्चना की। बताते चलें कि प्यार, श्रद्धा समर्पण व पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत के दिन उपवास रखा। सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा पर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना भी की। अहले सुबह से ही महिलाएं वट वृक्ष के नीचे जमा हो कर पूजा में लीन हो गयी थी। सुहागिनों ने वट वृक्ष के नीचे बैठकर सावित्री-सत्यवान की कथा भी सुनी।

### भाजपा प्रत्याशी की हैट्रिक पर खुशी का इजहार, गुलाल-मिठाई वितरित



**मोहम्मदगंज।** पलामू से भाजपा के विष्णुदयाल राम की हैट्रिक जीत और केंद्र में एक बार फिर नरेंद्र मोदी की सरकार बनने की खुशी में भाजपाइयों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा और लड्डू खिलाकर जश्न मनाया। इसमें भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा, कामेश्वर सिंह, सीबी रमन सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, माणिक चंद शर्मा, रामप्रसाद मेहता, कामेश्वर मेहता, डॉ प्रभु प्रसाद, दिलीप कुमार सिंह मुन्ना, विश्वनाथ चौधरी, अशोक सिंह, शिवकुमार गुप्ता, लल्लू विश्वकर्मा, महेंद्र कुशवाहा सहित मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह शामिल थे।

### ब्रहमोरिया के राहुल को 720 में 695 अंक



**विश्रामपुर, पलामू।** ब्रहमोरिया के राहुल पांडेय ने नीट परीक्षा में सफलता अर्जित कर अपने सपनों को पंख देते हुए 720 में 695 अंक प्राप्त कर लक्ष्य को उड़ान दिया है। ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े और एक सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाला छात्र राहुल ने अपनी प्रतिभा के दम पर गांव ही नहीं पूरे जिले का नाम रोशन किया है। राहुल की यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राओं के लिए एक प्रेरणा बनेगा। राहुल की इस अद्वितीय सफलता पर गांव में खुशी की लहर है। इन्हें बधाई देने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी सह राजनीतिज्ञ अभिमन्यु सिंह, आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, पंसस हरिशंकर दुबे आदि शामिल हैं।

### महिलाओं ने श्रद्धाभाव से की वट सावित्री पूजा



**मेदिनीनगर।** वट सावित्री पर्व गुरुवार को श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह घरों में पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही बाग व बगीचों तो एवं अन्य कई स्थानों पर में जाकर वट वृक्ष की पूजा महिलाओं ने की। इस पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में भी वट वृक्षों की पूजा करने को महिलाओं की भीड़ वटवृक्ष के नीचे लगी रही।सनातन संस्कृति में सारे पर्व प्रकृति पूजा पर आधारित हैं। यहां वृक्षों को उनके गुणों के आधार पर भगवान मानकर पूजा जाता है।

# सुहागिनों ने की अखंड सुहाग की कामना, पति के दीर्घायु जीवन का मांगा आशीर्वाद

›› जिले भर में रही वट सावित्री पूजा की धूम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले भर मे गुरुवार की सुबह वट सावित्री पूजा की धूम रही। शहर से लेकर गांव तक वट सावित्री का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाएं सुबह में स्नान करने के बाद वटवृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं और विधि विधान से पूजा कर कच्चे धागे को पेड़ में बांधते हुए अखंड सौभाग्य के लिए अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान जिलें के मंदिरों व वट वृक्षों के नीचे सुहागिनों की विशेष भीड़ देखी गयी। सुहागिन महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर वट सावित्री की कथा सुनी। इस दौरान दान पुण्य देकर अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर और बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की रक्षा और वैवाहिक सुख के लिए व्रत रखती हैं और वट वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर 108 बार परिक्रमा करती हैं। इसका बहुत महत्व बताया जाता है।





**पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा :** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को वट सावित्री पूजा हर्षोल्लास भरे वातावरण में धूमधाम से मना। सुहागिन महिलाएं वट सावित्री की पूजा के लिए सुबह से ही बरगद के पेड़ के नीचे पहुंचने लगी थीं। हिंदू धर्म में सुहागिन महिलाओं के लिए वट सावित्री पूजा बेहद खास व महत्वपूर्ण माना गया है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं बरगद के पेड़ की पूजा कर अखंड सौभाग्य व अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। पूजन कर सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य व अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। महिलाएं बरगद वृक्ष के नीचे पहुंच जड़ में अर्घ्य अर्पण कर विधिवत पूजन अर्चन किया।



**पति की दीर्घायु के लिए महिलाएं करती हैं वट सावित्री की पूजा : आचार्य प्रियरंजन** - सभी को अपने कर्म के अनुसार जीवन जीना चाहिए। कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो उसे अपनी सभ्यता एवं संस्कृति की रक्षा हेतु कर्म जरूर करना चाहिए। उक्त बातें राष्ट्रीय सेवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष प्रो प्रियरंजन पाठक ने कही। श्री पाठक रिसर्च एंटी करप्शन एंड क्राइम इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं समर्पण प्रिंटर्स के संचालक भी हैं बावजूद ईश्वर से जो पूजा पाठ करने का कर्म उन्हें मिला है वह भी बखूबी करते हैं। कहा कि मुझे हर अच्छे कार्य करने में खुशी मिलती है। मैं फल की चिंता किए बगैर केवल कर्म करते हैं।



**दीर्घायु पति के लिए सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा :** हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड क्षेत्र में पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखा। इस दौरान सुहागिन व्रतियों ने वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना की। साथ ही वट वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधा। वहीं पुरोहितों से सावित्री का यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लाने की कथा सुनी। इससे पहले पूजा को लेकर बाजार में खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ देखी गयी। इस व्रत की लोकप्रियता इतनी है कि कई हिंदी फिल्मों में अपने पति के स्वस्थ होने अथवा मौत के मुख से वापस लाने के लिए नायिका को वट सावित्री व्रत रखने का चित्रण किया गया है।



**पाटन में सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा :** पाटन में सुहागिन महिलाओं ने दिन भर उपवास रख वट सावित्री पूजा कर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। पाटन प्रखंड में बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे जाकर पूजा अर्चना व परिक्रमा किया। इसके बाद महिलाओं ने पंडित पुरोहितों से सत्यनारायण भगवान की कथा सुनी। पंडितों ने पूजा अर्चना एवं कथा सुनायी। इस व्रत को लेकर महिलाओं में काफी खुशी दिखी। दो दिन पहले से ही महिलाएं इसकी तैयारी में जुटी हुई थीं। पाटन के मंदिरों एवं पूजा स्थलों में भी महिलाओं की सुबह से ही भीड़ देखी गयी। सुहागिन महिलाओं ने पूजा अर्चना कर महिलाओं ने अपने पुरोहितों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भाजपाइयों संग पांकी विधायक ने निकाला शानदार विजय जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जुलूस में पांकी विधायक के साथ उमड़े भाजपा कार्यकर्ता।

**मेदिनीनगर /पांकी।** चतरा संसदीय सीट से भाजपा के कालीचरण सिंह की जीत की खुशी में भाजपाइयों ने बुधवार की शाम गाजे-बाजे व डीजे के साथ विजय जुलूस निकाला। जगह जगह पटाखे फोड़ कर खुशी का इजहार किया। नगर भ्रमण के दौरान अंबेडकर चौक में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा व भगत सिंह चौक में भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत जुलूस में सभा भी की। पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि फिर से एक बार नरेंद्र मोदी जी की सरकार केंद्र में बनेगी। जरूरतमंदों को उनके अधिकार मिल रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि देश की जनता ने पुनः विकास व देश को शिखर पर ले जाने वाले को पुनः सत्ता में स्थापित किया है। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, श्यामनंदन ओझा, सत्य नारायण यादव, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, कमेश यादव, चुनमुन पांडेय, शंकर प्रसाद, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, ललित मेहता, विजय ठाकुर, मिंटी वर्मा, मनोज सिन्हा, सुधीर तिवारी कुंदन कुमार, मंटू शर्मा आदि उपस्थित थे।

# कालीचरण के नेतृत्व में चतरा संसदीय क्षेत्र का होगा सर्वांगीण विकास : डॉ शशिभूषण

■ चतरा लोकसभा क्षेत्र से कालीचरण सिंह को चुनाव जीतने पर निकाला गया विजय जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जुलूस में शामिल विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता।

**मेदिनीनगर।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के प्रचंड मतों से चुनाव जीतने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष है। कालीचरण सिंह ने भगत सिंह और डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पांकी में पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में विजय जुलूस निकाली। जुलूस में कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, बंदे मातरम, नरेंद्र मोदी , कालीचरण सिंह जिंदाबाद समेत कई नारे लगाये। जुलूस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर, बम पटाखे छोड़कर व मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। चतरा सांसद ने सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि चतरा लोस क्षेत्र की जनता ने मतदान कर अपार समर्थन दिया है इसका हिसाब क्षेत्र में विकास कर जनता का ऋण चुकायेंगे। उन्होंने सभी मतदाताओं व भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी। मौके पर पांकी विधायक ने कहा कि कालीचरण सिंह के नेतृत्व में चतरा संसदीय क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। देश के पीएम नरेंद्र मोदी होंगे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में जनहित में योजनाएं चलाई गई थी इसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिला है। जनता भाजपा के कार्यों व सिद्धांतों से प्रभावित होकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया है जो बधाई के पात्र हैं।

## बाजे गाजे के साथ जपला बाजार का भ्रमण कर जमकर हुई आतिशबाजी

■ विष्णु दयाल राम और फिर से मोदी सरकार के प्रचंड जीत पर भाजपा ने निकाली विजय जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** देश भर में 18 वी लोकसभा में भाजपा को मिली प्रचंड जीत व विष्णु दयाल राम के सहित मोदी सरकार के हैट्रिक जीत पर हुसैनाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकला। गुरुवार को नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, प्रदेश के नेता विनोद कुमार सिंह, चुनाव रविंद्र सिंह उर्फ बबलू बाबू, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन ने जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे। भाजपा विनोद सिंह के घर हजारों कार्यकर्ता बजा गाजा के शहर के नहर मोड़ मुख्य बाजार, सब्जी बाजार जेपी चौक समेत शहर के विभिन्न मार्गों में जुलूस निकालते हुए, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद, बीडी राम जिंदाबाद आदि नारे लगाये एवं जम कर अतिशबाजी व अबीर गुलाल उड़ाये। नेताओं कहा कि देश की जनता व पलामू के जनता ने मोदी के विकास की गरंटी पर पुनः मुहर लगा दिया है।

## विष्णु दयाल राम की जीत पलामू लोस क्षेत्र की जनता को समर्पित : डॉ ईश्वर

■ लोस चुनाव में अपर समर्थन देने पर भाजपा नेताओं ने पलामू की जनता के प्रति जताया आभार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार निर्वाचित विष्णु दयाल राम की जीत पलामू लोस क्षेत्र की जनता को समर्पित है। यह ऐतिहासिक जीत सिर्फ भाजपा का ही नहीं बल्कि पलामू की जनता की जीत है। पलामू की जनता ने जो आशीर्वाद बीडी राम को दिया है, उसके लिए भाजपा परिवार उनका कर्जदार है। पलामू लोस क्षेत्र का पूर्ण विकास कर इसे उतारने का प्रयास किया जायेगा। श्री चंद्रवंशी विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआइटी के सभागार में भाजपा के प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव में कार्यकर्ताओं ने भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी का कार्य किया है। जनता ने भी पीएम मोदी और सांसद के विकास कार्यों पर भरोसा जताया है।

### कार्यकर्ताओं ने सांसद को बुके देकर किया सम्मानित



**सतबरवा।** सांसद विष्णु दयाल राम को प्रचंड बहुमत हासिल होने के बाद सतबरवा प्रखंड भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सांसद बिष्णु दयाल राम को बुके तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। वहीं चतरा सांसद कालीचरण सिंह को भी बधाई दी है। इस दौरान लोगों ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में फिर से एनडीए गठबंधन की सरकार बन रही है। सांसद का स्वागत करने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, समाजसेवी अशोक कुमार यादव उपस्थित थे।

### किराना दुकान से गांजा बरामद, दुकानदार गिरफ्तार



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा पुलिस ने बानाडीह के एक किराना दुकान में छापेमारी कर गांजा बरामद किया है। मौके से दुकानदार दूधेश्वर सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दूधेश्वर किराना दुकान में गांजा बेचता था। छापेमारी का नेतृत्व कर रहे छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी। इसपर छापेमारी कर किराना दुकान से 360 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। छापामारी दल में डीएसपी, पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

### हैदरनगर की बेटी खुशी बनेगी डॉक्टर



**हैदरनगर पलामू।** प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व रामचंद्र लाल की पौत्री और जय प्रकाश लाल अग्रवाल की पुत्री खुशी ने 720 में 662 नंबर लाकर नीट क्वालीफाई किया है। इसमें खुशी का 19547 ऑल इंडिया रैंक है। खुशी ने प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर हैदरनगर और बाद की कोचिंग गोल विलेज पटना से की है। खुशी ने कठिन परिश्रम से यह सफलता अर्जित कर अपने माता पिता परिवार के साथ साथ हैदरनगर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। डॉ अजय जयसवाल ने खुशी को मिठाई खिलाकर और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

## दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या, चार दिन बाद पोस्टमार्टम के लिए कब्र से निकाला शव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़ पलामू।** थाना क्षेत्र के नावाडीह में दुष्कर्म कर हत्या की शिकायत पर एक 13 साल की किशोरी का शव उसके कब्र से गुरुवार को निकाला गया। एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद एवं चैनपुर के सीओ चंद्रशेखर कुणाल की देखरेख में थाना प्रभारी निलेश कुमार ने डेड बॉडी को कब्र से बाहर निकाला और जरूरी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यहां बता दें कि गत तीन जून को ही किशोरी का शव दफनाया गया था। बताया जाता है कि नावाडीह की ही किशोरी गांव के अन्य लोगों के साथ 8 महीने पहले बिहार के सासाराम के आलमपुर में ईंट भट्ठे पर काम करने गयी थी। ठेकेदार नरेश कोरवा उसे ईंट भट्ठे पर काम करने ले गया था। बरसात के पहले सारे लोगों के घर आने की संभावना थी। इसी बीच 3 जून को ठेकेदार नरेश कोरवा किशोरी की डेड बॉडी लाकर उसके परिजनों को दी।

### आरोपी गिरफ्तार

**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना क्षेत्र के नावाखास निवासी अभियुक्त प्रीतम कुमार पिता मनोज राम को डूब थाना पांकी से गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। नावा जयपुर थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार प्रीतम कुमार पर थाना में अपराधिक मामला दर्ज था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त प्रीतम को गिरफ्तार कर लिया है।

### पौधरोपण की शुरुआत को प्रबुद्ध लोगों ने सराहा

**मोहम्मदगंज पलामू।** विश्व पर्यावरण दिवस पर स्टेट बैंक रोड में कागजी बादाम का पौधा लगाया गया। पौधरोपण के बाद गौरीशंकर सिंह ने बताया कि पर्यावरण दिवस के दिन उनके पिताजी इंद्रदेव सिंह की पुण्य तिथि भी है, वे भी पौधरोपण में विशेष रुचि रखते थे। पौधरोपण में द्वारिका प्रसाद, ध्रुवशंकर सिंह, अवनीश सिंह, रौनक सिंह ने भी सहयोग प्रदान किया।

## पर्यावरणविद ने सावित्री पूजा पर बट का किया पौधरोपण

■ पति प्रकृति व पर्यावरण की रक्षा के लिए ही किया जाता है वट सावित्री पूजा : कौशल, पूनम व अमित

■ हिंदू संस्कृति के अनुसार सदियों से होती आ रही है वट वृक्ष की पूजा : कौशल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने वट सावित्री पूजा पर देश के तमाम माताएं बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मेदिनीनगर के आबादगंज स्थित अपने आवास पर्यावरण भवन के आकाश बाग में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ वट वृक्ष का पौधरोपण किया।

### वट सावित्री पूजा के लिए जुटी सुहागिनों की भीड़



**उंटारी रोड पलामू।** वट सावित्री की पूजा पूरे देश में सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। उंटारी रोड के कई गांवों में भी बड़ी संख्या में विवाहित महिलाएं वट वृक्ष के नीचे जुटीं। महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और अपने वैवाहिक सुख की रक्षा के लिए विभिन्न स्थानों पर वट वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना की। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर अपने

# पलामू सांसद बीडी राम की जीत पर पांडू मंडल मुसीखाप में सभा

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली विजय जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भाजपा की जीत पर निकले विजय जुलूस में शामिल कार्यकर्ता।

**पांडू पलामू।** भाजपा पांडू मंडल में विष्णुदयाल राम के प्रचंड जीत पर व तीसरी बार केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने पर भाजपाइयों ने सभा व जुलूस का आयोजन किया। पांडू मंडल के मुसीखाप यज्ञशाला मंडप के पास जनसभा किया गया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाली। विजय जुलूस पांडू बाजार होते हुए महुगावां पुल के पास समापन किया गया। जुलूस का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह ने की। विजय जुलूस में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरबिंद कुमार सिंह, विभाकरनारायण पांडेय, नरेंद्र पांडेय, प्रफुल्ल कुमार सिंह, उदय शुक्ला, संध्या सिंह, जिला पूर्व उपाध्यक्ष धर्मदेव सिंह यादव, जिला महामंत्री उपेंद्रनारायण सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य शंभु शरण सिंह, भाजपा नेता पप्पु सिंह, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह, विश्रामपुर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रजतिनिधि अविनाश कुमार सिंह, पांडू मंडल के सांसद प्रतिनिधि कृष्ण विजय सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, अयोध्या ठाकुर, मंडल पूर्व महामंत्री गिरजा शंकर तिवारी, मंडल मंत्री श्याम किशोर सिंह, सुखदेव राम, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनमोहन पांडेय, महिला मोर्चा अध्यक्ष मुन्नी देवी, ऐनुल अंसारी, अभय सिंह, समाजसेवी सुरेंद्र कुमार सिंह, सेवानिवृत शिक्षक रामविलास सिंह, बिंदेश्वर सिंह, डीएन सिंह, सुरेश चंद्रवंशी, आशुतोष सुमन, पंकज कुमार, प्रदूमन विश्वकर्मा, सतीश पासवान आदि भी थे।

# बीडी राम की तीसरी जीत पर भाजपा ने पाटन मंडल कार्यकर्ताओं में उत्साह



विजय जुलूस में झूमते-गाते और एक दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपा कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम को निर्वाचित होने पर भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में पाटन बाजार होते हुए केल्हार गांव में गाजा बाजा के साथ जुलूस निकाली गयी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। साथ ही साथ खूब आतिशबाजी से पाटन बाजार गुंजायमान हो गया । विजय जुलुस में गोपाल पासवान, राधेश्याम मेहता, संजय कुमार सिंह, अशोक तिवारी, पशुपति शर्मा, अर्जुन तिवारी, जितेंद्र सोनी, गुड्डू कुमार सिंह, रिकी प्रसाद, अरविंद प्रसाद, प्रेम प्रसाद, शिव प्रसाद, प्रमोद सिंह, नॉलेज सिंह, श्रवण मिश्रा, रवि नाथ साव, उमाशंकर सिंह, मिथिलेश सिंह, गौतम कुमार सिंह, श्याम देव सिंह, नवल किशोर सिंह, प्रदीप चंद्रवंशी, सत्येंद्र कुमार सिंह, शंकर सिंह, अखलेश सिंह, कामता सिंह, राजू कुमार पांडे, आकाश विश्वकर्मा, अर्जुन तिवारी भी थे।

